

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 6 अगस्त 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -42 ■ अंक-129 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## पेसा और वन अधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता: सीएम साय

**रायपुर,6 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में गुरुवार को महानदी मंत्रालय में वन अधिकार अधिनियम और पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित टास्क फोर्स की शीर्ष समिति की पहली बैठक हुई।

बैठक में अनुसूचित क्षेत्रों के समग्र विकास, ग्राम स्वशासन को सशक्त बनाने तथा दोनों कानूनों के बेहतर समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश की लगभग एक-तिहाई आबादी आदिवासी समाज से जुड़ी है। ऐसे में उनकी परंपराओं, अधिकारों और विकास को ध्यान में रखते हुए पेसा कानून का प्रभावी एवं आदर्श मॉडल विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेसा कानून ग्राम सभाओं को मजबूत



बनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, स्थानीय लोगों की भागीदारी बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का माध्यम बने।बैठक में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों की स्थिति, सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों की प्रगति तथा वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने दोनों कानूनों के प्रावधानों को एकीकृत दृष्टिकोण से लागू करने और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने पेसा कानून के तहत विभिन्न विभागों के नियमों में समन्वय स्थापित करने के लिए राज्य स्तरीय कार्ययोजना समिति गठित करने की घोषणा की। यह समिति समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उसके क्रियान्वयन की निगरानी करेगी। साथ ही जिला स्तरीय पेसा निगरानी समितियों को सक्रिय करने और जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों तक सही जानकारी पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

## श्रीरामचंद्र जी मंदिर विवाद: सुप्रीम कोर्ट का यथास्थिति बनाये रखने का आदेश

**बिलासपुर,6 अगस्त।** धमतरी जिले के कुरुद स्थित श्रीरामचंद्र जी मंदिर के प्रबंधन और संपत्तियों को लेकर चल रहे विवाद में शीर्ष अदालत ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश दिया है। डिवीजन बेंच ने, मंदिर और उसकी संपत्तियों के कब्जे व प्रबंधन के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा, मंदिर की संपत्तियों अथवा प्रबंधन में किसी तीसरे पक्ष का हित सृजित नहीं किया जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर के खातों और संबंधित दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने खातों एवं उनसे जुड़े दस्तावेजों की प्रतिलिपि हर तीन माह में कलेक्टर को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामला सिविल अपील से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 मई 2024 को मामले में अनुमति देते हुए छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के उस आदेश के संचालन पर रोक लगा दी थी, जिसमें दूसरी अपील स्वीकार करते हुए उत्तरदाताओं के पक्ष में मुकदमे की डिक्री पारित की गई थी। इसके बाद मंदिर के प्रबंधन और संपत्ति को लेकर प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई हुई। 25 अप्रैल 2025 को कुरुद के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने संबंधित उत्तरदाताओं को मंदिर और उसकी संपत्तियों के प्रबंधन एवं कार्यों से अलग होने का निर्देश दिया था। उन्हें मंदिर के मामलों अथवा संपत्तियों के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं करने तथा उनके पास मौजूद दस्तावेज, चाबी, मूल्यवान वस्तुएं अथवा नकदी तहसीलदार एवं नगर पंचायत कुरुद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपने के लिए कहा गया था। उत्तरदाताओं ने सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम आवेदन दाखिल कर यथास्थिति बनाए रखने और 25 अप्रैल 2025 के संचार के प्रभाव पर रोक लगाने की मांग की थी।

### भारत में अप्रैल-मई 2027 से आएंगे प्लास्टिक के नोट

**नई दिल्ली,6 अगस्त।** भारतीय रिजर्व बैंक अगले साल अप्रैल-मई 2027 के बीच देश में पॉलीमर करेंसी नोट लॉन्च करेगा। इसकी जानकारी RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की तीन दिन चली बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि शुरुआत कम मूल्य वाले करेंसी नोटों से होगी, क्योंकि 10, 20 और 50 रुपए के नोट सबसे ज्यादा इस्तेमाल होते हैं और जल्दी गंदे या फट जाते हैं। नए पॉलीमर नोट अधिक टिकाऊ होंगे और लंबे समय तक चलेंगे। RBI गवर्नर ने कहा कि शुरुआत में कम वैल्यू के पॉलीमर नोट जारी किए जाएंगे। इनका बाजार में सबसे ज्यादा सर्कुलेशन होता है। उन्होंने बताया कि दुनिया के कई देशों में ये नोट कई दशकों से सफलतापूर्वक इस्तेमाल किए जा रहे हैं। गवर्नर के मुताबिक, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में पॉलीमर करेंसी नोट 30 साल से भी अधिक समय से उपयोग में हैं। भारत में कागजी नोट, खासकर 10, 20 और 50 रुपए के नोट जल्दी गंदे हो जाते हैं या फटने लगते हैं। पॉलीमर नोट आने से यह समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी।

### 50 हजार की स्कूटी पर 10 लाख का जुर्माना

**गुरुग्राम ,6 अगस्त ।** हरियाणा के साइबर सिटी गुरुग्राम से ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ट्रैफिक पुलिस ने नियमित चेकिंग के दौरान एक ऐसे स्कूटी सवार को पकड़ा है, जिसका रिकॉर्ड देखकर खुद पुलिसकर्मियों का भी सिर चकरा गया। करीब 50 हजार रुपये की कीमत वाली इस पुरानी स्कूटी पर एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 10 लाख रुपये के 96 चालान लंबित मिले। पुलिस ने इस बड़ी लापरवाही पर सख्त एक्शन लेते हुए स्कूटी को तुरंत जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, गुरुग्राम के राजीव चौक पर जोनल अधिकारी एएसआई विजय सिंह अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान उनकी नजर एक युवक पर पड़ी, जो बिना हेलमेट लगाए राजीव चौक से मेदांता अस्पताल की तरफ रॉन्ग साइड से स्कूटी चलाकर जा रहा था।

पुलिस ने प्रशांत नाम के इस युवक को रोककर जब उससे स्कूटी के कागजात मांगे, तो वह कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने जब स्कूटी के नंबर से उसकी डिटेल सिस्टम में चेक की, तो हैरान करने वाला सच सामने आ गया।पुलिस की जांच में पता चला कि इस स्कूटी पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 की अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 96 चालान पेंडिंग हैं।

## नीट ओएमआर शीट में छेड़छाड़ : सिर्फ शक के आधार पर नहीं हो सकती कार्रवाई

**बिलासपुर,6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नीट यूजी-2026 की ओएमआर शीट में कथित छेड़छाड़ के मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि केवल शक, अनुमान या व्यक्तिगत धारणा के आधार पर ऐसे गंभीर आरोप स्वीकार नहीं किए जा सकते। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने एक अभ्यर्थी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि बिना ठोस साक्ष्य के परीक्षा प्रक्रिया में न्यायिक हस्तक्षेप उचित नहीं है।याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि स्कैन की गई ओएमआर शीट में दर्ज उत्तर उसके द्वारा परीक्षा में भरे गए उत्तरों से अलग हैं, जिसके कारण उसे अपेक्षित 600 से अधिक अंकों के बजाय केवल 200 अंक मिले। उसने मूल ओएमआर शीट दिखाने और पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी।कोर्ट ने कहा कि अभ्यर्थी ने परीक्षा प्राधिकरण की शिकायत निवारण प्रक्रिया का उपयोग किए बिना सीधे हाईकोर्ट का रुख किया, जबकि पहले उपलब्ध वैधानिक प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए थी। अदालत ने माना कि याचिकाकर्ता के आरोप केवल स्वयं तैयार किए गए तुलना चार्ट पर आधारित हैं और किसी भी प्रकार का स्वतंत्र या विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना ठोस प्रमाण के ऐसे आरोप स्वीकार करने से राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता प्रभावित होगी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि "आधिकारिक परीक्षा रिकॉर्ड से छेड़छाड़ से जुड़े गंभीर आरोपों को केवल शक, अंदाजे या अपनी सोच के आधार पर स्वीकार नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब कोर्ट के सामने कोई ठोस सबूत प्रस्तुत न किया गया हो।"

## पुलिस कार्रवाई पर अमित शाह संसद में दें बयान: खड़गे

**नई दिल्ली,6 अगस्त।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह से 20 जुलाई को छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई के बारे में सदन में बयान देने को कहा है। खड़गे ने सरकार पर 6 अगस्त की कार्यवाही के दौरान इस मामले पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। राज्यसभा में बोलते हुए, खड़गे ने सभापति से आग्रह किया कि वे गृह मंत्री को सदन को संबोधित करने का निर्देश दें। खड़गे ने कहा कि हम देश और उसके 140 करोड़ लोगों से जुड़े वाजिब सवाल ही उठाते हैं। हम गृह मंत्री और प्रधानमंत्री से सदन में आने के लिए कह रहे हैं। हम सभापति से अनुरोध करते हैं कि वे गृह मंत्री को सदन में आकर बयान देने का निर्देश दें। हम इस पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। इसी सदन में अरुण जेटली जी ने खुद कहा था कि कामकाज में रुकावट



संसदीय लोकतंत्र का हिस्सा है। आप कार्यवाही से जुड़े कोई भी सवाल उठा सकते हैं। लेकिन यहाँ, जब हम वाजिब सवाल पूछ रहे हैं, तो वे बचकर निकल रहे हैं।

खरगे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की पिछली टिप्पणियों की आलोचना की और संसद में कामकाज में बाधा डालने के मुद्दे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली की बातों का ज़िक्र किया। इसके जवाब में रिजिजू ने कहा कि खड़गे ने अपनी मांग के समर्थन में किसी नियम का हवाला नहीं दिया और ज़ोर देकर कहा कि विपक्ष कार्यवाही को तय नहीं कर सकता या यह तय नहीं कर सकता कि सरकार की ओर से कौन सा मंत्री जवाब देगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने किसी नियम का हवाला नहीं दिया। वे पीठासीन अधिकारी को निर्देश नहीं दे सकते। यह सरकार की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। कांग्रेस को नए सदस्यों को भी मौका देना चाहिए। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने रिजिजू को निर्देश दिया कि वे विपक्ष की बात गृह मंत्री तक पहुंचाएं। सीपीआई सांसद पी. संतोष कुमार ने चेयरमैन के इस निर्देश को विपक्ष की जीत बताया और कहा कि यह पूरे विपक्ष के लिए एक बड़ी जीत है। हम लगातार मांग कर रहे थे कि अमित शाह आएं और 20 जुलाई को हुए लाठीचार्ज पर बयान दें। अब आखिरकार, चेयरमैन ने रिजिजू को निर्देश दिया है कि वे विपक्ष की बात गृह मंत्री तक पहुंचाएं। हम उस जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## सोने-चांदी की कीमतों में फिर जोरदार उछाल

### चांदी 2.40 लाख रुपये प्रति किलो के पार

**मुंबई,6 अगस्त।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल दर्ज किया गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में सोना करीब एक प्रतिशत बढ़कर 4,348.40 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 62.49 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती रही। इसका असर भारतीय बाजार पर भी दिखाई दिया। घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स में सोने का भाव 1,49,289 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,27,850 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। वहीं सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 2,40,100 रुपये प्रति किलोग्राम के पार निकल गई है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का भाव 14,563 रुपये प्रति ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 14,213 रुपये प्रति ग्राम दर्ज की गई। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,45,910 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में लगभग 1,45,760 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है।

## अतीक अहमद के बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत

**झांसी,6 अगस्त।** कुख्यात माफिया अतीक अहमद के परिवार से जुड़ा एक और बड़ा घटनाक्रम गुरुवार को झांसी में सामने आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार झांसी जेल में बंद भाई अली अहमद से मिलने जा रहे अतीक के सबसे छोटे बेटे अबान की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उसके दोस्त सोनू (अहजम) की भी जान चली गई, जबकि कार सवार 3 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पूंछ थाना क्षेत्र के ग्राम खिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। इसकी पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने करते हुए बताया कि पूंछ क्षेत्र के ग्राम खिल्ली में हुए सड़क हादसे में माफिया अतीक अहमद के बेटे की भी मौत हुई है। साथ में उसके एक दोस्त सोनू की भी जान चली गई। तीनों घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। मृतकों में अबान अहमद और अहजम (प्रयागराज) की पुष्टि हो चुकी है। वहीं घायलों में मोहम्मद जैद, उमर समेत अन्य शामिल हैं। प्रयागराज से झांसी आ रही तेज रफ्तार



क्रेटा कार अचानक अनियंत्रित होकर झांसी के पूंछ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम खिल्ली में डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### पत्नी शाइस्ता परवीन अब तक फरार



अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन, बहन आइशा नूरी और अशरफ अहमद की पत्नी जैनब का उत्तर प्रदेश पुलिस अब तक पता नहीं लगा सकी है। तीनों साल 2023 से ही गायब हैं। उत्तर प्रदेश के इस माफिया परिवार के चार लोगों की अब तक मौत हो चुकी है, लेकिन शाइस्ता परवीन का अब तक कोई पता नहीं है। वह अतीक की पत्नी है और उमेश पाल मर्डर केस के समय से ही फरार हैं। सवाल है कि क्या एक और बेटे को गंवाने के बाद अब वह सामने आएंगी। अब तक राज्य की पुलिस को उनके ठिकाने का पता नहीं चल सका है।

## जुलाई से केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 63% होने की संभावना

**नई दिल्ली,6 अगस्त।** केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को जुलाई 2026 से महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी मिलने की संभावना है। श्रम ब्यूरो द्वारा जून 2026 का सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) जारी होने के बाद डीए संशोधन की गणना पूरी हो गई है। इसके अनुसार मौजूदा 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़कर 63 प्रतिशत हो सकता है।जून 2026 में सीपीआई-आईडब्ल्यू 151.9 दर्ज किया गया, जो मई के 150.8 से अधिक है। 7वें वेतन आयोग के फार्मूले के अनुसार डीए लगभग 63.75 प्रतिशत बनता है, लेकिन सरकार दशमलव को नजरअंदाज करते हुए 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता लागू कर सकती है। 64 प्रतिशत तक पहुंचने के लिए आवश्यक आंकड़े नहीं मिले हैं, इसलिए 4 प्रतिशत वृद्धि की संभावना फिलहाल नहीं है।यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2026 से प्रभावी मानी जाएगी, हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सितंबर या अक्टूबर में होने की संभावना है। पेंशनर्स को भी इसी अनुपात में महंगाई राहत (डीआर) का लाभ मिलेगा।विशेषज्ञों का मानना है कि 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले 7वें वेतन आयोग के तहत यह अंतिम प्रमुख डीए संशोधन हो सकता है। हालांकि 8वें वेतन आयोग का गठन हो चुका है, लेकिन उसकी सिफारिशें लागू होने तक सभी डीए संशोधन वर्तमान वेतन संरचना के अनुसार ही किए जाएंगे। 3 प्रतिशत की संभावित बढ़ोतरी से कर्मचारियों और पेंशनर्स के वेतन एवं पेंशन में राहत मिलने की उम्मीद है।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर बवाल: एसएसबी जवानों पर नेपाली नागरिकों ने पत्थरों से हमला किया, 200 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**नेपाल,6 अगस्त।** एक बार फिर भारत-नेपाल बॉर्डर पर विवाद बढ़ गया है। बिहार के बगहा स्थित भारत-नेपाल बॉर्डर पर नेपाली नागरिकों ने जमकर बवाल किया है। बिहार के बगहा स्थित भारत-नेपाल सीमा पर उस समय बवाल हो गया, जब सीमा पर गश्त कर रही सशस्त्र सीमा बल यानी एसएसबी (एसएसबी) की टीम पर नेपाली नागरिकों ने पत्थरों से हमला कर दिया। साथ ही दुर्व्यवहार भी की। मामले में 21वीं वाहिनी एसएसबी की शिकायत पर वाल्मीकिनगर थाने में नेपाल के सुस्ता गांव के 150 से 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बिहार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि सत्ता परिवर्तन के बाद से नेपाल और भारत में विवाद बढ़ गया है। नेपाल की वर्तमान में बालेन्द्र शाह सरकार सीमा विवाद समेत कई मुद्दों को भड़का रही है। पिछले दिनों नेपाल ने अपने नक्शे में कई भारतीय जगहों को दिखाया था। इससे भारत-नेपाल रिश्ता इस वक्त सबसे नाजुक दौर से गुजर रहा है। अब बिहार के बगहा




स्थित भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी जवानों पर नेपाली नागरिकों ने पत्थरों से हमला किया है। भारतीय सीमा के भीतर सुस्ता इलाके में भारतीय सीमा की ओर मिट्टी का बांध आगे बढ़ाए जाने का कार्य चल रहा था। उप कमांडेंट विजय कुमार के नेतृत्व में 21वीं वाहिनी एसएसबी की गश्ती टीम नियमित सीमा गश्त पर थी वो जायजा लेने पहुंचीं। इसी दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार की गई। मना करने पर पत्थरों से हमला किया गया। वहीं एसएसबी के अनुसार, 31 जुलाई को भारत और नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के बीच यथास्थिति बनाए रखने तथा निर्धारित सीमा से आगे बांध निर्माण नहीं करने पर सहमति बनी थी।

### छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नियमानुसार उठाया गया सराहनीय कदम, 156 खिलाड़ी हुए शासकीय सेवा के पात्र

## तुम्हारी भी जय हो हमारी भी जय हो, ना तुम हारे ना हम हारे

**आलेख .. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर, रायपुर, छ. ग.**

समय के परिवर्तन के साथ मानव सभ्यता ने खेलकूद को कभी मनोरंजन, कभी उत्तम शारीरिक स्वास्थ्य का खजाना माना, तो कभी "खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब" जैसी कहावत द्वारा शर्मसार किया। आज परिस्थिति बदल चुकी है. यह से as भी स्वीकार करते हैं कि खेलकूद से मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है तथा अब खेलने कूदने से भी पढ़ने लिखने के समान नवाब बन सकते हैं। परिवार में समाज में आपका एक ऊंचा स्थान हो सकता है।यह बात अब हवा हवाई न होकर धरातल पर साबित हो गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने 2023 से 2028 तक के कार्यकाल के पहले मध्यांतर में इस प्रदेश के खिलाड़ियों की थमती हुई सांसों में जीवन रूपी हवा भर दिया है। एक नवंबर 2000 को मध्यप्रदेश से अलग होकर नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य बना तो इस प्रदेश के खिलाड़ियों, खेल संघों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों में एक नया उत्साह भर आया। आंखों में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक, बनने का ख्वाब छा गया। पर भारतीय खेल इतिहास का टर्निंग प्वाइंट तो तब आया जब वर्ष 2000 के दौरान सिडनी ओलंपिक में भारत की महिला भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ने कांस्य पदक जीता फिर उन पर मान- सम्मान के साथ धन की वर्षा हुई वह 21 वीं सदी के पहले दशक में जन्में बच्चों व उनके अभिभावकों के मन मस्तिष्क में बस गया कि खेलकूद भी बहुत अच्छा होता है जिसमें बच्चों, किशोरों,युवाओं का भविष्य है इसमें कैरियर बनाने प्रोत्साहन देना चाहिए। दूसरी बात जो खेल आलेख लिखने के दौरान शोध के रूप में मैंने खोज निकाला वह है जबकि वर्ष 2000 में कर्णम मल्लेश्वरी ने ग्रीष्मकालीन आधुनिक ओलंपिक खेलों में कांस्य जीता तो भारत में उभरते हुए खेल प्रतिभाओं को ओलंपिक खेलों के विभिन्न 28 प्रकार के कोर गेम्स में भाग लेना चाहिए। ओलंपिक में मल्लेश्वरी के एक कांस्य पदक से पूरे भारत में खेलकूद की दशा व दिशा बदल गई। खेलसंघ के पदाधिकारियों से लेकर, खेल प्रशासकों, खेल अधिकारियों, पूर्व खिलाड़ियों ने तब ओलंपिक में शामिल 28 कोर गेम्स को बढ़ावा देना आरंभ किया। उसका परिणाम देखिए 1996 से लेकर 2024 तक हमारेदेश के खिलाड़ियों ने प्रत्येक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारतीय ध्वज को ओलंपिक खेलों के पोडियम में लहराया है। छत्तीसगढ़ जैसे



नवगठित राज्य के खेल प्रेमियों ने भी इसी बात को ध्यान में रखते हुए खेल मैदान, खिलाड़ी तथा टीम बनाना आरंभ किया।

फिर खेलों के प्रति आकर्षण पैदा करने व रोजगार दिलाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को उचित सम्मान दिये जाने नियम बनाया आखिरकर यह नियम भी आ गया। 2016-17 तक तो ठीक चला परंतु 2018-19 और 2019-20 से उत्कृष्ट खिलाड़ियों की शासकीय सेवा देने के निर्णय के क्रियान्वयन में बाधा आ गई। 2018 से 2023 तक कांग्रेस का शासन रहा जिन्होंने खिलाड़ियों की उपेक्षा की इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया लेकिन अंततः05 अगस्त 2026 को आठ वर्ष तक लंबित प्रकरण का निपटारा हुआ और 2018-19,2019-20 में घोषित 156 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान उन्हें शासकीय सेवा के पात्र चुनकर हुआ। छत्तीसगढ़ में 5 अगस्त 2026 का दिन न जाने कितने परिवारों के लिए दिवाली,ईद, क्रिसमस या नया वर्ष साबित हुआ परंतु यह सच है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खेल मंत्री अरुण साव के ठोस व अडिग निर्णय के कारण न जाने कितने आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के अभिभावकों, परिवार के सदस्यों के आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। अपने घरों, परिवार समाज में जवानी के समय रोजी रोटी नहीं कमाने परंतु खेलकूद के लिए समय देने वाले अब नौकरी प्राप्त कितनों खिलाड़ियों को नकारा, बेकार, फिजूलखर्जी, नालायक समझकर हंसी उड़ाने वालों की बोलती बंद हो गई। छत्तीसगढ़ के इतिहास में 05 अगस्त एक ऐसा दिन साबित हुआ। इन सरकारी नौकरी प्राप्त खिलाड़ियों को उधारी का जूता, पोशाक, खेल सामग्री वाले दुकान के सामने से मुंह छिपाकर या रास्ता बदलकर जाने को नहीं परंतु सीना तानकर निकलने का मौका मिला।धन्यवाद छत्तीसगढ़ सरकार .

# विधायक रिकेश की पहल पर युवाओं के लिए 16 जनकल्याणकारी योजनाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने युवाओं और नागरिकों को शिक्षा, रोजगार तथा डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 16 जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है। इन योजनाओं का लाभ वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के पात्र जेन जी युवाओं एवं नागरिकों को मिलेगा। योजनाओं के लिए 10 अगस्त को लोकांगन परिसर में आवेदन भरे जाएंगे। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार, डिजिटल सुविधाओं और व्यक्तिगत विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। योजनाओं के तहत युवाओं को निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस, 12वीं उत्तीर्ण युवाओं को निजी क्षेत्र में 10 हजार रुपये मासिक वेतन वाली नौकरी दिलाने का प्रयास, आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क वाई-फाई सुविधा तथा जन्मदिन पर मूवी टिकट उपलब्ध कराने जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।



शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीए, बीकॉम एवं बीएससी के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण तथा कंप्यूटर सीखने के इच्छुक विद्यार्थियों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। योजनाओं में बच्चों के लिए दीपावली पर विशेष उपहार, जन्मदिन पर पांच लीटर पेट्रोल एवं केक देने की पहल भी शामिल है। वहीं राजस्थान के कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराने का भी प्रावधान रखा गया है। इसके अतिरिक्त वैशाली नगर विधानसभा के पात्र नागरिकों को देश के किसी भी धार्मिक स्थल के दर्शन के लिए एक तरफ का निःशुल्क रेल किराया उपलब्ध कराने की योजना भी शुरू की जा रही है। विधायक के जन्मदिवस के अवसर पर डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क कंप्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रारंभ किया जाएगा। इसमें 30 से 60 वर्ष आयु वर्ग के शिक्षित महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे। विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्र के पात्र युवाओं एवं नागरिकों से 10 अगस्त को लोकांगन परिसर पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन करने की अपील की है।

## एसडीआरएफ की टीम ने 6 घंटे बाद निकाला ढाबा संचालक का नदी से शव

**भिलाई, 6 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के स्थित शिवनाथ नदी में एक ढाबा संचालक ने छलांग लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और



दुर्ग एसडीआरएफ की टीम अगले दिन सुबह 5 बजे मौके पर पहुंची करीब 6 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद शव नदी से बाहर निकाला गया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है नंदिनी टीआई अनिल पटेल ने बताया कि बैकुंठधाम वार्ड नंबर - 32 छावनी निवासी ढाबा संचालक संजय ओझा (46 साल ) 4 अगस्त को रोज की तरह घर से निकले थे। परिजनों को लगा कि वे हमेशा की तरह घर आ जाएंगे, लेकिन वे सीधे शिवनाथ नदी पुल के पास पहुंचे और वहां से नदी में छलांग लगा दी। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें डूबते देखा तो शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी, लेकिन तब तक वे पानी में डूब चुके थे सूचना मिलते ही धमधा और नंदिनी थाना पुलिस अगले दिन सुबह 5 बजे मौके पर पहुंची इस के बाद दुर्ग से एसडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई गोताखोरों ने करीब 6 घंटे तक नदी में तलाश की। काफी मशक्कत के बाद संजय ओझा का शव नदी से बरामद किया गया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है नंदिनी थाने पुलिस की शुरुआती जांच में मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



## दिव्यांग छात्रा को समाज कल्याण विभाग ने व्हीलचेयर प्रदान की

**कवर्धा, 6 अगस्त।** समाज कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा दिनांक 05.08.2026 को ग्राम पालीगुड़ा निवासी कुमारी भूमिका, पिता श्री शिव प्रसाद यादव को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कुमारी भूमिका कक्षा 1वीं की छात्रा हैं तथा वे 55 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हैं। घर से विद्यालय आने-जाने में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उनकी समस्या को देखते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई, जिससे उनकी शिक्षा एवं दैनिक आवागमन में सुविधा होगी। व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी एवं रूपेश चंद्रवंशी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने छात्रा एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक दिव्यांगजन को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया जाए।

## एक नजर



### यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

**भिलाई, 6 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़े वाहनों, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों तथा सर्विस रोड पर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की अभियान के दौरान इंदिरा मार्केट दुर्ग में नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े दोपहिया वाहनों को क्रेन की सहायता से उठाकर यातायात जोन दुर्ग लाया गया इस के बाद संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को समझाइश देते हुए कहा कि सार्वजनिक मार्ग एवं बाजार क्षेत्र में अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है नागरिकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने की अपील की गई इसी क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े ट्रक एवं अन्य भारी वाहनों को हटवाया गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के खड़े रहने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है और यातायात प्रभावित होता है। ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध भी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई डबरापारा एवं हथखोज क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट संचालकों और वाहन मालिकों को मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा नहीं करने, निर्धारित पार्किंग स्थल का उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी गई इस के अलावा चंद्रा-मौर्या से सुपेला चौक तक सर्विस रोड पर नगर निगम और संबंधित थाना पुलिस के संयुक्त सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई इस कार्रवाई से सर्विस रोड पर आवागमन सुगम हुआ और आम नागरिकों तथा वाहन चालकों को राहत मिली यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### 30 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 6 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बरहापुर तिराहा चौक के पास एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर खड़ा है? सूचना पर पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। मौके पर मिले संदेही व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संतु राम वर्मा (35 साल ) निवासी ग्राम घोटवानी, थाना धमधा, जिला दुर्ग बताया तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में 30 नग पौवा अंग्रेजी गोल्डन गोवा व्हिस्की (प्रत्येक 180 मि.ली.), कुल 5.400 बल्क लीटर अवैध शराब को बरामद किया है ।

### हथियार लहराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 6 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई नेवई थाने पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले युवक को गिरफ्तार किया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि रिसाली के आजाद मार्केट में संतोष यादव उर्फ बाठू (22 साल ) लोहे का धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है सूचना पर पुलिस ने ब्यूल हेवन बार के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया और उसके कब्जे से हथियार जब्त किया आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया ।

# संभागीय सरस मेला में चार लाख रुपए से ज्यादा का सामान बिकने से ग्रामीण महिला उद्यमियों में हर्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 6 अगस्त।** भोरमदेव मंदिर ग्राम चौरा में आयोजित 5 दिवसीय संभागीय सरस मेले को लोगो का अच्छा साथ मिला है। महज तीन दिन में ही महिला समूह द्वारा बनाए गए उत्पादनों कि लोगों ने जमकर खरीदी की है। चार लाख ;से अधिक की सामग्री बेचकर ग्रामीण महिलाओं ने अपने हुनर का लोहा एक बार फिर साबित किया है। जैविक खाद्य सामग्री, आकर्षक घरेलू सजावटी सामान और दैनिक उपयोग की वस्तुओं ने लोगों का मन मोह लिया। यही कारण है कि मेले में आए लोगों ने महिला समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों की तारीफ की और उसे हाथों-हाथ खरीदा। सरस मेला में हुए व्यापार के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि संभागीय सरस मेला राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विहान की दीदियों को



अपने उत्पादन आम जनता तक लाने के लिए एक सार्थक मंच है। दुर्ग संभाग के सभी जिलों के साथ अन्य स्थानों से आई महिला समूह के सदस्यों ने भव्य प्रदर्शनी लगाई तथा अपने उत्पादनो के बारे में आम जनता को पूरी जानकारी दी। मेले में अभी तक 3550 से अधिक लोगों ने 4 लाख 51000 रुपए से अधिक की खरीदी की है। यह हर्ष का विषय है कि कबीरधाम जिलेवासियों को यह आयोजन बहुत पसंद आया। लोगों की खरीदी से ग्रामीण महिला उद्यमियों का हौसला बढ़ा है तथा वह आजीविका के रास्ते पर नए आयाम स्थापित करेंगी। पॉपकॉर्न के स्टाल में लगभग ?15000 से अधिक की खरीदी हुई है, दुर्ग जिले से हैंडलूम साड़ी का व्यवसाय भी लगभग 20000 से अधिक का हो चुका है। ऐसे ही अन्य स्टालों में बड़ी मात्रा पर खरीदी बिक्री हुआ है। जिला बालोद से हस्त शिल्प विक्रय 8000 रुपये से ज्यादा की हुई ।उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेले का आयोजन 2 अगस्त से 6 अगस्त तक भोरमदेव मंदिर के पास किया गया है। मेले में 50 से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। प्रत्येक स्लॉट में अलग-अलग प्रकार की वस्तुएं जिसमें खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक वस्तुएं, कपड़े तथा हर आयु वर्ग के लोगों के लिए जरूरी सामान विक्रय के लिए उपलब्ध है। मेले में मिलने वाला सभी सामान उच्च गुणवत्ता के साथ बहुत ही कम दर पर मिल रहे हैं। यही कारण है कि लोगों ने इसे हाथों-हाथ पसंद किया है। विशेष कर जैविक खाद्य सामग्रियों को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। सरस मेला ऐसा मंच है जो ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनने का मार्ग प्रशस्त करता है। आप भी इस मेले में पहुंचकर इसका लाभ उठा सकते है।

# भाजपा मंडल व महिला मोर्चा ने जवानों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 अगस्त।** देश की सेवा में लगे वीर जवानों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गई।रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल एवं भाजपा महिला मोर्चा उतई मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एक राखी जवानों के नाम अभियान के अंतर्गत आज 1000 राखियां देश की सेवा में लगे सैनिक भाइयों के लिए भेजा गया।कार्यक्रम में महिला मोर्चा की माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राखियों के साथ सैनिकों के नाम स्नेह भरे पत्र भी भेजे। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमारे जवान त्योहारों पर भी सीमा पर तैनात रहकर हमारी रक्षा करते हैं। ये राखियां उनके लिए बहनों के प्यार और पूरे देश के सम्मान का प्रतीक हैं। इस अवसर पर भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर ने कहा कि उतई मंडल की बहनों ने 1000 राखियां एकत्रित कर देशभक्ति का परिचय दिया है।हमें गर्व है।कि हमारी बहनें इस तरह राष्ट्र सेवा में आगे आ रही हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री प्रवीण यदु,महामंत्री एवं एल्डरमैन चंदू देवांगन,अध्यक्ष वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई श्री फत्तेलाल वर्मा,मोतिम ठाकुर, फलेंद्र सिंह राजपूत,खोपली सरपंच मंजू वर्मा,विमला कामड़े, रंजना चंद्राकर,रूपेश पारख, सोहन रिगरी,चिंटू सिन्हा,पार्षद भीमसेन सिन्हा,लता सोनवानी,ममता चंद्राकर,दानेश्वरी देशमुख,ओपी चंद्राकर,सहित भाजपा उतई मंडल एवं महिला मोर्चा के पदाधिकारीगण,युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहें।

# धनोरा में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 6 अगस्त।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बड़े ही धूमधाम धाम के साथ गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम मनाया गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि इस अवसर पर स्वर्गीय परमानंद कठोलिया जी के पुरे परिवार मौजूद रहे एवं कठोलिया जी के चलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी दरबार में एक से बढ़कर एक कला कारा का आगमन हुआ जिनका दरबार के भक्तों द्वारा मोमेंटो श्री फल एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया लोक गायिका पद्मश्री ममता चंद्राकर प्रेम चन्दाकर फिल्म निर्देशक संगीतकार श्री कविता वासनिक दीदी सुश्री हिमानी वासनिक दुष्यंत हरमुख कु कनक साहू बाल कलाकार लोकगायिका तृषा साहू लोकगायिका मालती निषाद श्री टोमन वर्मा जस जगराता गायक एवं हेमंत साहू भजन गायक एवं जस गीत रचनाकार गायक श्री बिंदू रचनाकार भवानी नायक श्री अगराहित निषाद श्री रज्जू रायपुरीहा श्री मौनी राकेश साहू जी अशोक साहू जी श्री घनश्याम यादव श्री नंद कुमार बघेल जी श्री नंद कुमार नंदग ई श्री दयालू गुरु जी आदि कला कारो का एवं श्री राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष



जनपंद पंचायत दुर्ग श्रीमती रुलेशवरी चन्द्रशेखर बंजारे सरपंच धनोरा श्रीमती संगीता सपरे उपसरपंच श्री कामेश साहू छत्तीसगढ़ क्रान्ति सेना आदि का दरबार में पहुंचे और अपने अपने कला का प्रदर्शन कीया शाम चार बजे से दरबार में श्री कुंज लाल साहू द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया शाम 6 बजे से सुश्री हिमानी वासनिक द्वारा भरथरी गायन प्रस्तुत किया रात्रि 8 बजे से श्री राधा कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली धनोरा गुलाब साहू जी द्वारा झांकी प्रस्तुत किया गया जिसको देखकर सभी भक्तों ताली के गढ़ गड़ाहट से स्वागत किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विशेष रूप से उपस्थित रहे दरबार के श्री विनोद साहू जी राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल गुलाब साहू जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल साहू दिनेश साहू भोलू खिलेशवर साहू सुंदर सपरे चन्द्र कांत देवांगन एमलाल देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू राजू देशमुख इतवारी पटेल वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील पेटर दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू मारियल साहू चेतन साहू बब्लू गज्जू रायपुरीहा श्रीमती बबिता साहू ललिता यादव सुनीता साहू मितानिन कौशिलया सेन रुखमणि साहू पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे गीता देवांगन मंजू साहू ललिता राउत देवकी साहू कु वेदू साहू कु सुरुचि छोटी कु डिंपल साहू कु पुजा साहू कु नेहा साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू जी ने दी ।



## सुरक्षा-2026 के विजेताओं के सम्मान से नवाचार को मिला प्रोत्साहन

**भिलाई, 6 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित सुरक्षा-2026 प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मानव संसाधन विकास केन्द्र में आयोजित समारोह में जेएलएन अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस एवं एस.के. अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जल प्रबंधन विभाग की टीम सेवियर्स ने प्रथम, बीआरएम की टीम आरोहण ने द्वितीय तथा ईएमडी की टीम ऊर्जा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को क्रमशः 25 हजार, 15 हजार एवं 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए।



## पूर्व मंत्री ताम्रध्वज के बैनर-पोस्टर पर कालिख पोतने के विरोध में एफआईआर की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** प्रदेश के पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के जन्मदिवस पर लगाए गए बैनर-पोस्टरों पर अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा काला रंग फेंकने की घटना के विरोध में कांग्रेसजनों ने भिलाई नगर थाना पहुंचकर प्रदर्शन किया तथा एफआईआर दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताते हुए कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि या राजनीतिक दल के बैनर-पोस्टरों को इस प्रकार क्षति पहुंचाना आपराधिक कृत्य है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है और कानून-व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।

# शिवसेना ने श्यामनगर लिंक रोड की मरम्मत व अतिक्रमण हटाने की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** श्याम नगर वार्ड लिंक रोड बाजार क्षेत्र में जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर शिवसेना के पदाधिकारियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कैंप-2 से होकर गुजरने वाली लिंक रोड की सड़क लंबे समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। शिवसेना नेताओं ने आरोप



लगाया कि बाजार क्षेत्र में दुकानों का सड़क तक फैलाव, अवैध अतिक्रमण, बेतरतीब खड़े वाहन तथा सड़क पर ही ट्रक, माजदा और पिकअप वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर 20 से 30 फीट चौड़ी सड़कें सिकुड़कर मात्र 5 से 8 फीट रह गई हैं। इससे आपातकालीन स्थिति में फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस एवं पुलिस वाहनों के पहुंचने में भी कठिनाई होती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जवाहर मार्केट सहित बाजार क्षेत्र में नालियों पर अतिक्रमण कर दुकानों का विस्तार कर लिया गया है। पार्किंग व्यवस्था की कमी और बढ़ते अतिक्रमण के कारण ग्राहक बाजार आने से कतराने लगे हैं, जिससे छोटे और बड़े व्यापारियों के व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं एवं स्कूली बच्चों को आवागमन में विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी पर नगर निगम ने लगाया जुर्माना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन क्रमांक-1 के वार्ड क्रमांक-3 अंतर्गत मॉडल टाउन क्षेत्र के विनोबा नगर के पास विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) का अभाव, डस्टबिन की व्यवस्था नहीं होना तथा साफ-सफाई में लापरवाही पाई गई। इसके चलते निगम की टीम ने संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 2,600 रुपये का जुर्माना वसूला। कार्रवाई के तहत संतोष किराना स्टोर पर सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 700 रुपये, वर्मा किराना स्टोर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए 700 रुपये तथा डस्टबिन नहीं रखने पर 100 रुपये, मंटू प्रसाद कानू पर सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के लिए 500 रुपये, आनंद पान पैलेस पर साफ-सफाई नहीं रखने के कारण 100 रुपये तथा चाय चस्का प्रतिष्ठान पर अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## रोड पर अवैध पार्किंग के खिलाफ निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 जुलाई।** नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पावर हाउस सर्विस रोड पर अवैध पार्किंग के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई निगम के जोन-3 राजस्व विभाग और पुलिस की टीम द्वारा की गई। बताया गया कि पावर हाउस सर्विस रोड पर सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े किए जाने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती थी। नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया तथा उन्हें जब्त किया। कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए वाहनों को पुलिस प्रशासन के सहयोग से छावनी थाना परिसर में रखा गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों को सार्वजनिक सड़कों, सर्विस रोड एवं यातायात प्रभावित करने वाले स्थानों पर वाहन खड़े नहीं करने की हिदायत दी। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाली अवैध पार्किंग के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नागरिकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने तथा सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात में बाधा उत्पन्न नहीं करने की अपील की गई है।

## निधन

### आरपी सिंह

**भिलाई, 6 जुलाई।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार आर.पी. सिंह 70 वर्ष निवासी रामनगर का विगत दिवस निधन हो गया। वे लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे। उनके निधन से भिलाई के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनका अंतिम संस्कार 6 अगस्त गुरुवार को प्रातः 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।



वे अपने पीछे तीन पुत्रियां वंदना, विभा एवं वीणा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी ने मां बम्लेश्वरी का लिया आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 6 अगस्त।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 की भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करने वाली राजनांदगांव जिले की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव अपने माता-पिता के साथ मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए बुधवार को डोंगरगढ़ पहुंचीं। उन्होंनें विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देवी का आशीर्वाद लिया। यहां मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़, यादव समाज व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। मां बम्लेश्वरी के दर्शन के बाद ज्ञानेश्वरी यादव ने अपनी उपलब्धि को देश, प्रदेश, माता-पिता और अपने कोच को समर्पित करते हुए कहा कि उनकी सफलता में परिवार और प्रशिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भविष्य में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए मां बम्लेश्वरी से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से ज्ञानेश्वरी यादव को माता की चुनरी, स्मृति चिन्ह, फोटो व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उवल भविष्य की कामना की गई। प्रेस क्लब ऑफडोंगरगढ़ की ओर से अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे, यादव समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव व अन्य सामाजिक संस्थाओं ने भी उनका अभिनंदन कर उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

मीडिया से चर्चा के दौरान ज्ञानेश्वरी यादव ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि खेल की शुरुआत आसान नहीं थी। विशेषकर उचित डाइट की व्यवस्था करना आर्थिक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने छोटे-मोटे काम करके हर कठिन परिस्थिति में उनका साथ दिया। शुरुआत में लोग उनकी मेहनत का मजाक उड़ाते थे, लेकिन आज वही लोग उनकी सफलता पर बधाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य ओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है और इसके लिए वह पूरी लगन और एकाग्रता के साथ तैयारी कर रही हैं। ज्ञानेश्वरी ने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने पर छत्तीसगढ़ सरकार ने उन्हें पुलिस विभाग में आउट ऑफ टर्न पदोन्नति देकर डीएसपी नियुक्त किया है तथा प्रोत्साहन स्वरूप 30 लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की है। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

युवाओं के लिए संदेश देते हुए ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने का एकमात्र मंत्र निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास है। असफलता मिलने पर निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, मंत्री महेंद्र परिहार, ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, संजीव गोमास्ता, योगेश अग्रवाल, गौतम चोपड़ा, सुषमा कोठारी, यादव समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, विनीत यादव, पार्षद अमित छाबड़ा, एल्डरमैन लक्ष्मी यादव, वरिष्ठ सेवानिवृत्त पीटीआई ईश्वर निर्मलकर, प्रेस क्लब सचिव खूबचंद चौधरी, उपाध्यक्ष दीपक साखरे, कोषाध्यक्ष महेश सहारे, सदस्य राजा शर्मा, बंटी शर्मा, शशांक उपाध्याय, सचिन जाम्बुलकर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय खिलाड़ी का किया गया भव्य स्वागत



## एक नजर

### सनातन धर्म महिला मंडल की ममता बनी उपाध्यक्ष

राजनांदगांव, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सनातन धर्म प्रदेश महिला अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश सचिव ममता शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर श्वेता शर्मा की अनुशंसा पर सनातन धर्म महिला मंडल के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिले में सनातन धर्म की ध्वजा फहराने में महिलाएं भी अपनी भूमिका का निर्वहन आने वाले दिनों में करने जा रही हैं। आज जिला पदाधिकारियों का मनोनयन हो जाने के बाद कार्यकारिणी गठन के लिए हरि झंडी दे दी गई है। राजनांदगांव, जिला सनातन महिला मंडल का गठन आज जोश – ओ – खरोश के साथ संपन्न हुआ। जिला पदाधिकारियों में ममता सोनी को अध्यक्ष बनाया गया है। विभिन्न संगठनों में महत्त्वपूर्ण पदों पर आसीन ममता अवस्थी को सनातन महिला मंडल में बड़ी जवाबदारी देते हुए उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह सचिव की जवाबदारी मीना पांडे तथा सुनीता सोनी को संयुक्त रूप से सौंपी गई है। निमिषा ठक्कर भी उपाध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगी। सह –सचिव अभिलाषा ठाकुर एवं मोहिनी शुक्ला, सांस्कृतिक प्रभारी निधि बाजपेई एवं सविता जोशी, मीडिया प्रभारी सुधा तिवारी एवं मंजूषा बाजपेई तथा रंजना शर्मा को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। मनोनीत किए गए पदाधिकारी आने वाले दिनों में अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे।



### अशांति फैलाने वाले 2 बदमाशों पर की गई कार्रवाई



राजनांदगांव, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं नशा मुक्त बनाने हेतु असमाजिक तत्वो के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत आज दिनांक 05.08.26 को बदमाश 01. राकेश सिंह नागवंशी पिता परसराम नागवंशी उम्र 47 साल साकिन शिवनगर ढाबा रोड चिखली वार्ड नं. 04 पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग., 02. आर्यन शर्मा पिता प्रमोद शर्मा उम्र 24 साल साकिन वार्ड नं. 09 शंकरपुर पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव के द्वारा आने जाने वाले लोगो से वाद विवाद कर शांति भंग करने तथा अप्रीय घटना घटित होने के संभावना पर दोनो बदमाश के विरूद्ध पृथक–पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।

### राजनांदगांव जिले में अब तक 3616.2 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2026 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 3616.2 मिमी बारिश एवं औसत 33.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू–अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 516.1 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 582 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 647.4 मिमी, घुमका तहसील में 327 मिमी, छुरिया तहसील में 455.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 607.6 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 480.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 647.4 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 33.4 मिमी एवं औसत 4.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 15.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 2 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 14.2 मिमी, घुमका तहसील में 1 मिमी, कुमरदा तहसील में 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगढ़ तहसील में 15.5 मिमी दर्ज की गई है।

# धन्नू हत्याकांड में नया मोड़ःगवाही देकर लौटे दोस्त बोगो ने घर में फांसी लगाई

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया प्रताड़ना का आरोप, मचा बवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 6 अगस्त।** कश्मीरी पारा में हुए धन्नू यादव उर्फ धनेश हत्याकांड ने अब नया और गंभीर मोड़ ले लिया है। मामले के प्रत्यक्षदर्शी गवाह और मृतक के करीबी दोस्त सुमित विश्वकर्मा उर्फबोगो ने बुधवार को न्यायालय में पेशी के बाद अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है। बताया जाता है कि 28 जुलाई की रात कश्मीरी पारा में हुए हमले में धन्नू यादव उर्फधनेश की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि शाहरुख खान गंभीर रूप से घायल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में पुरानी रंजिश को कारण बताते हुए अभय निषाद को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

अब इस मामले के महत्वपूर्ण गवाह रहे सुमित विश्वकर्मा उर्फ बोगो की आत्महत्या ने कई नए सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि बुधवार को न्यायालय में पेशी के बाद वह घर लौटा और कुछ देर बाद फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।

**जान का खतरा बताया था, पुलिस ने नहीं सुनी :** नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने दावा किया कि घटना के दूसरे दिन उसकी बोगो से बातचीत हुई थी। उसके अनुसार, बोगो ने बताया था कि घटना से पहले वह और धन्नू यादव अपनी जान को खतरा होने की जानकारी देने थाना पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। बोगो ने कथित तौर पर यह भी कहा था कि उसके दोस्त की हत्या में एक से अधिक लोगों की भूमिका थी, लेकिन पूरे मामले को एक ही आरोपी तक सीमित कर दिया गया। स्थानीय व्यक्ति के मुताबिक, बोगो का कहना था कि वह अपने दोस्त को इंसाफ दिलाना चाहता है, लेकिन पुलिस उस पर लगातार बयान बदलने का दबाव बना रही है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही इस संबंध में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि की गई है।

**पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल :** बोगो की आत्महत्या के बाद शहर में इस मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि गवाह ने वास्तव में किसी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना महसूस की थी, तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वहीं यह भी सवाल उठ रहे हैं कि यदि पहले से जान का खतरा होने की सूचना दी गई थी तो उस पर क्या कार्रवाई की गई।

### चाकू से जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपी दो घंटे में गिरफ्तार, हथियार और बाइक जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** चौकी चिखली पुलिस ने चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को घटना के महज दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तीन चाकू और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में चौकी चिखली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त 2026 को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुधीर नायडू उर्फ अन्ना, शेरा कश्यप, रोहित देवार और लक्ष्मण यादव ने आपसी विवाद के दौरान एक राय होकर जान से मारने की नीयत से उस पर हाथ-मुक्कों और चाकू से हमला कर दिया। हमले में प्रार्थी के सिर, पीठ, कमर और कूल्हे में गंभीर चोटें आईं। रिपोर्ट के आधार पर चौकी चिखली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 109(1), 3(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने बागतराई क्षेत्र में घेराबंदी कर चारों आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तीन चाकू और एक मोटरसाइकिल जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में सुधीर नायडू उर्फ अन्ना (20 वर्ष), रोहित देवार (19 वर्ष), लक्ष्मण यादव (19 वर्ष) और शेरा कश्यप (30 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध पूर्व से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई, सहायक उप निरीक्षक शत्रुहन टंडन, प्रधान आरक्षक अरुण कुमार नेताम, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले तथा आरक्षक सुनील बैरागी, चन्द्रकपूर आयाम, गोपाल पैकरा, आदित्य सोलंकी, टीकाराम ध्रुव, नेम सिंह, जितेंद्र कश्यप सहित चौकी चिखली स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## समाचार संक्षेप

### ज्ञानेश्वरी यादव का मंदिर ट्रस्ट ने किया सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 6 अगस्त।** राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारोत्तोलन प्रतियोगिता के 53 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करने वाली राजनांदगांव जिले की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव के माता पिता के साथ मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ पंहुचने पर भव्य स्वागत किया गया। ज्ञानेश्वरी यादव ने पदक प्राप्त करने का श्रेय माता पिता कोच को देते देश और प्रदेश को समर्पित किया। उन्होंने भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए प्रार्थना कर मां बम्लेश्वरी देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया। बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए माता की चुनरी फोटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर ज्ञानेश्वरी यादव का सम्मान किया गया। साथ ही पत्रकार संघ, यादव समाज सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों द्वारा भी सम्मान किया गया। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी मंत्री महेन्द्र परिहार ट्रस्टी गण बबलू शांडिल्य संजीव गोमास्ता योगेश अग्रवाल और गौतम चोपड़ा सुषमा कोठारी एवं यादव समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव विनीत यादव पार्षद अमित छाबड़ा एल्डरमैन लक्ष्मी यादव वरिष्ठ सेवानिवृत्त पीटीआई ईश्वर निर्मलकर दिलीप भाई वेगड़ राम कुमार डड़सेना अजय शर्मा आदित्य मिश्रा रामजी तराने जितेन्द्र भाटिया चंद्रशेखर बोरकर ट्रस्ट के मैनेजर लक्ष्मी गुनी एकाउंटेंट मोहन श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे।

### रॉयल किड्स कान्वेंट के लव्यांश लहरी ने इंटरनेशनल कराते स्पर्धा में मारी बाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** रॉयल किड्स कान्वेंट के होनहार छात्र लव्यांश लहरी (पिता किशोर लहरी माता अंजलि लहरी) ने कोलकाता में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप ड्ड में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है।

यह प्रतियोगिता रियो दो संगघटन द्वारा हंसी प्रेमिथ सेन के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। इसमें नौ देश के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लव्यांश ने इस चैंपियनशिप में कुल 4 राउंड में भाग लिया और सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए फाइट कैटेगरी में स्वर्ण पदक और काता कैटेगरी में कांस्य पदक अपने नाम किया। लव्यांश की इस जीत से पूरे शाला परिवार में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर टी एस बग्गा, सावंत बहादुर सिंह जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, जानवी सिंह, ईला सिंह, बरसर आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्या एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा सुश्री सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने लव्यांश को ढेर सारी बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

### संसार में रहते हुए भी हम पाप से बच सकते हैं : मुनि श्रेयांशप्रभ

**राजनांदगांव 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संसार में रहते हुए भी हम पाप से बच सकते हैं। इसके लिए आवश्यक है कि हम कम से कम वस्तुओं का उपयोग करें और जितनी जरूरत हो उतना ही उपयोग करें। हम पेट भरने के लिए कमाते हैं लेकिन हमें पेट भरने से ज्यादा कमाने के लिए भी कोई एतराज नहीं होता, भले ही इसके लिए हमें कुछ भी क्यों न करना पड़े! हमें जो पसंद है, हम वही मानते हैं और जो पसंद नहीं उसे हम स्वीकार नहीं कर पाते। उक्त उद्गार आज सुबह ज्ञान बल्लभ उपाश्रय भवन में मुनि श्रेयांशप्रभ सागर ने अपने नियमित प्रवचन में व्यक्त किये। मुनि ने कहा कि हमें संसार में रहते हुए पाप से बचना चाहिए और इसके लिए हमें जितनी जरूरत है उतना ही उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें जितने पानी की जरूरत है उतने का ही उपयोग करें। पानी में असंख्य जीव होते हैं, हमें इन जीवों की हत्या से बचना चाहिए। पानी को व्यर्थ में बर्बाद ना करें। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसी कई क्रियाएं हैं जिसे ना कर या उसका उपयोग कम कर हम अनावश्यक पाप से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह बिजली का उपयोग जितना कम कर सकते हैं, करें। हम खाने में भी अनावश्यक चीज बना लेते हैं जबकि हम एक या दो वस्तु से भी काम चला सकते हैं। ज्यादा खाना बनाने से बर्बादी ही होती है। हमारे पास इतने कपड़े होते कि उनमें से कुछ कपड़े पड़े ही रहते हैं, यदि हम उन्हें जरूरतमंदों को दे दें तो कितना पुण्य होगा।

## पुराना बस स्टैण्ड चौक फ्लाई ओव्हर के नीचे गंदगी, 5 होटल और ठेला पर लगा जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** निगम सीमाक्षेत्र में सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए महापौर मधुसूदन यादव तथा आयुक्त जी.आर.मरकाम नियमित रूप से वार्डो में जाकर निरीक्षण कर रहे है। साथ ही निगम का स्वास्थ्य अमला गंदगी फैलाने तथा सड़क पर मटेरियल व मलमा रखने वालों पर कार्यवाही भी कर रहीं है। इसी कडी में आज जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर पुराना बस स्टैण्ड चैक में गंदगी फैलाने वालो को चेतावनी देकर जुर्माना लगाया गया।

निगम आयुक्त जी.आर.मरकाम के निर्देश पर निगम का स्वास्थ्य अमला व्यवसायिक क्षेत्र, सार्वजनिक स्थल का निरीक्षण कर अतिक्रमण व पानी निकासी में व्यवधान तथा गंदगी फैलाने पर संबंधितों को चेतवानी देकर चलानी कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही के तहत् आज पुराना बस स्टैण्ड चैक जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर नीचे होटल व ठेला वालों के द्वारा कचरा फेकने व गंदगी फैलाने पर बागेश्वर दोसा ठेला से 300 रूपये तथा सोनू हेयर कटिंग, अग्नू निषाद मोटरसाईकिल रिपेयरिंग ठेला, धनाराम साहू ठेला तथा रमेश साहू इटली ठेला से 200-200 रूपये जुर्माना वसूले तथा सभी को साफ सफाई रखने, अतिक्रमण नहीं करने समझाइस दिये।

आयुक्त मरकाम ने स्वास्थ्य अमला से कहा कि जी.ई.रोड में शहर के अलावा बाहर के लोगो का भी आना जाना लगा रहता है, जहॉ से हमारे शहर की छवि प्रदर्शित होती है। इसलिए जी.ई.रोड में साफसफाई रखे, नाली नालो की सफाई करे, रोड के किनारे के दुकानदारो व ठेला खोमचा वालो को साफसफाई रखने समझाईस देवे, अतिक्रमण करते देख हटाने की कार्यवाही करे तथा संबंधितो पर जुर्माना लगावे। फ्लाई ओव्हर के नीचे भी साफसफाई का विशेष ध्यान रखते हुए अतिक्रमण न होने दे।

### मोहारा प्लांट का औचक निरीक्षण कर महापौर ने तेजस कम्पनी संचालक को लगाई फटकार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 6 अगस्त।** महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह आयुक्त जी.आर.मरकाम एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के साथ जल संयत्र ग्रह मोहारा का औचक निरीक्षण कर सी.एम.सी. तेजस कम्पनी के संचालक को फटकार लगाते हुए कहा कि पेयजल जैसे संवेदनशील मामले में कोताही न बरतें और प्लांट का सुचारू रूप से संचालन करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल की उपस्थिति रहीं।

महापौर यादव ने जल प्रभारी अधिकारियों से चर्चाकर चालू पंप, क्लोरिन, एलम आदि के स्टाक की जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके ने जानकारी दी कि प्लांट के 18 पंप में से 6 पंप खराब हो गये है जो बनने योग्य नहीं है। 12 पंप में से 7 पंप क्रमशः 10 एम.एल.डी प्लांट में एक तथा 17 व 27 एम.एल.डी प्लांट में 3 पंप चल रहा है। जिससे सुचारू पेयजल आपूर्ति की जा रहीं है। 5 पंप मरम्मत में है जिसका अतिशीघ्र मरम्मत कर देने कहा गया है। साथ ही 150 एच.पी के दो नवीन मोटर पंप क्रय करने की प्रक्रिया की गई है जो एक सप्ताह में प्लांट में आ जायेगा। उन्होने बताया कि कुछ दिन पूर्व 17 एम.एल.डी प्लांट में क्लोरिन रिसाव हुआ था जिसे दुरूस्त कर आज से कार्य में लाया गया है।

### इंडियन चैलेन्जर्स कप अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में

# संस्कारधानी के कराते खिलाड़ियों ने जीते 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 8 कांस्यपदक

■ **महापौर ने विजेता खिलाड़ियों की सराहना की और बड़ी उपलब्धि हासिल करने की प्रेरणा दी**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** इंडियन चैलेन्जर्स कप अंतर्राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता 2026, में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में राजनांदगांव के खिलाड़ीयों ने देश के लिये 2 स्वर्ण, 01 रजत एवम 08 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। इन खिलाड़ियों ने अपने कोच एवं वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक सेन्साई कमल पूजन के साथ मोतीपुर स्थित महापौर निवास पहुँच कर राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव से सौजन्य भेंट की एवं अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। विरिष्ठ कराते प्रशिक्षक कमल पूजन ने महापौर को अवगत कराया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता शेईशिनकाई शितोरियू कराते डू फेडरेशन एवं कराते डू एसोशियेशन बंगाल के द्वारा संयुक्त रूप से नेताजी इंडोर स्टेडिम कोलकाता पश्चिम बंगाल में दिनांक



31 जुलाई से 02 अगस्त तक आयोजित की गई थी, जिसमें टीम कोच सेन्सई शशांक गुप्ता (छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख) के नेतृत्व में राजनांदगॉव, दुर्ग, बिलासपुर एवं रायपुर के खिलाड़ियो ने देश का प्रतिनिधित्व किया था। राजनांदगॉव से प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों ने अन्य प्रान्तों से पहुँचे खिलाड़ियों के साथ भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक अर्जित कर जिला, प्रदेश एवं देश को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में 9 विभिन्न देशों के कुल 8900 से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत की थी। उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगॉव जिले से शामिल होने वाले एवं पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है -

1. काजल यादव फाइट में गोल्ड (काता कुमिते) 2. लवयांस लहरी एक गोल्ड एक ब्रांज (काता कुमीते) 3. कैटरीयल दान एक सिल्वर एक ब्रांज (काता कुमीते) 4. आदित्य राज देवांगन ब्रांज (काता ) 5. अरनव साहू दो (काता कुमीते ब्रांज) 6. थलेश्वरी मेश्राम एक ब्रांज (कुमीते) 7. पलक नेमा दो ब्रांज (काता कुमीते)।

उल्लेखनीय है कि ये सभी खिलाड़ी कराते प्रशिक्षक सेन्सई कमल पूजन के स्थानीय तुलसीपुर स्थित निवास पर विगत कई वर्षो से कराते का प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। महापौर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर एवं हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं उनके उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसी प्रकार निरंतर मेहनत करने और भविष्य में भी बड़ी उपलब्धियॉ अर्जित करने के लिये प्रेरित किया।

## नुकसान में फायदा हर कोई नहीं देख सकता

हर आदमी के देखने व सोचने का अपना नजरिया होता है।ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं जो अपने नुकसान को नुकसान के नजरिए से देखते हैं और नुकसान पर गुस्सा करते हैं और नुकसान को रोकने का प्रयास करते हैं लेकिन नुकसान को रोक नहीं पाते हैं। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो अपने नुकसान में भी अपना फायदा देखते है और नुकसान को फायदे के नजरिए से देखने के कारण नुकसान पर गुस्सा नहीं करते हैं,नुकसान को रोकने का प्रयास नहीं करते हैं और नुकसान को नहीं रोकने के कारण उनको नुकसान तो होता है लेकिन फायदा नुकसान से ज्यादा होता है। जैसे कोई होटलवाला है। उसके यहां ग्राहकों की भारी भीड़ होती है। इसी भीड़ का फायदा उठाकर एक ग्राहक रोज उसके यहां खाना खाकर पैसे दिए बगैर चला जाता है। होटल वाले का एक मित्र जो रोज होटल खाना खाने आता है, वह इस बात को एक दिन देखता है, उसके बाद रोज देखता है और अपने होटल वाले मित्र को बताता है कि एक आदमी रोज तुम्हारे यहां खाना खाता है लेकिन पैसे बगैर दिए चला जाता है। इससे तुम्हारा रोज नुकसान होता है। होटल मालिक कहता है कि मैं यह बात जानता हूं। उसका मित्र कहता है कि फिर तुम उसे रोकने का प्रयास क्यों नहीं करते हो तो मित्र उसे होटल के सामने मंदिर ले जाता है और दूर से दिखाता है कि देखो वही आदमी है न जो रोज मेरे होटल में खाना खाता है और पैसे नहीं देता है। उसका मित्र कहता है कि हां, यह तो वही आदमी है। होटल वाला कहता है कि देखो, वह भीख मांगने वाला नहीं है, वह प्रार्थना करने वाला है, आंख बंद कर प्रार्थना कर रहा है। तुम बताओ वह प्रार्थना कर रहा है तो वह क्या प्रार्थना कर रहो होगा। होटल वाले का मित्र कहता है कि वह यही प्रार्थना कर रहा होगा कि मैं होटल में खाने के बाद कभी पकड़ा नहीं जाऊं। होटल वाला कहता है कि मैं ऐसा नहीं सोचता। मैं सोचता हूं कि वह जरूर ऐसी प्रार्थना करता होगा कि इस होटल में हमेशा ग्राहकों की बड़ी भीड़ रहे और मैं पकड़ा न जाऊं। मैं सोचता हूं मेरी होटल में भीड़ का एक कारण इसकी प्रार्थना भी है। यह मेरा नुकसान तो करता है लेकिन इसके कारण नुकसान की तुलना में मुझे फायदा बहुत होता है। दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं एक नुकसान देखने वाले और दूसरे नुकसान में फायदा देखने वाले। हमारे देश की राजनीति में भी दो तरह के नेता होते हैं एक नुकसान करने वाले वह सिर्फ दूसरे को कैसे नुकसान पहुंचाया जा सकता है, यही देखते हैं और हमेशा नुकसान पहुंचाने वाला काम करते हैं। दूसरे वह नेता होते हैं जो देखते हैं कि दूसरा नुकसान पहुंचाने के लिए क्या कर रहा है और उसका फायदा उसे कैसे हो रहा है। पहले नेता हैं राहुल गांधी और दूसरे नेता हैं पीएम मोदी। राहुल गांधी हमेशा मोदी को नुकसान पहुंचाने के लिए कुछ न कुछ बोलते रहते हैं और कुछ न कुछ करते रहते हैं। पीएम मोदी राहुल के कहने व करने पर कभी गुस्सा नहीं होते हैं, वह जानते हैं कि राहुल जितना उनको बुरा कहेंगे, जनता की नजर में वह उतने ही भले बनते जाएंगे। राहुल गांधी जितनी उनकी लोकप्रियता कम करने का प्रयास करेंगे, उनकी लोकप्रियता उतनी ही बढ़ती जाएगी, राहुल गांधी जितना चुनाव में हराने के लिए बुरा बुरा कहेंगे, चुनाव में उनकी जीत उतनी ही बार होती रहेगी। पीएम मोदी संसद में कह चुके हैं कि कांग्रेस व राहुल गांधी तो उनके लिए काला टीका के समान है, उनकी वजह से उनको नजर नहीं लगती है। वह कह चुके हैं कुछ लोगों को भगवान का आशीर्वाद है कि वह जिसका बुरा चाहेंगे, उसका भला होता जाएगा। राहुल गांधी निरंतर हारने के कारण गुस्से में रहते हैं, निराश रहते हैं,पार्टी को चुनाव नहीं जिता पाते हैं तो वह सकारात्मक नहीं सोच पाते हैं, वह नकारात्मक ही सोचते हैं और नकारात्मक सोचने के कारण वह सोच नहीं पाते हैं, देख नहीं पाते हैं कि उनके नुकसान पहुंचाने के लिए किए गए काम व बयान के बाद भी पीएम मोदी को नुकसान क्यों नहीं होता है। नीट पेपर लीक व दोबारा नीट की परीक्षा होने के कारण देश के कुछ बच्चों ने आत्महत्या कर ली। राहुल गांधी ने आदत के मुताबिक मांग कर दी कि पीएम मोदी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। पीएम मोदी ने माफी नहीं मांगी, उन्होंने ऐसे बच्चों के माता पिता को एक करोड़ देने की मांग पूरी की और जिन बच्चों ने उनको बुरी बुरी गाली दी थी, उन बच्चों को माफ करने की बात कही। राहुल गांधी का संदेश क्या है कि मोदी ने गलती की है, मोदी को माफी मांगनी चाहिए। वह माफी मांगते तो माना जाता कि उन्होंने गलती की है। उन्होंने माफी न मांगकर साफ कर दिया कि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, वह तो बच्चों पालकों व बच्चों के लिए चिंतित हैं कि उनको किसी तरह की परेशानी न हो। उनके बच्चों को माफ कर देने से कई बच्चों को फायदा हुआ राहुल गांधी माफी मंगवाकर मोदी को गुनहगार साबित करना चाहते थे लेकिन राहुल गांधी के कारण पीएम मोदी बच्चों व पालकों की चिंता करने वाले बनकर सामने ओए हैं। इसे कहते हैं हर नुकसान में अपना फायदा तलाश कर लेना।

**विश्लेषण**

# हथकरघा: विकसित भारत के भविष्य की बुनाई

**श्री गिरिराज सिंह**



किसी विकसित राष्ट्र का निर्माण सिर्फ तकनीक से ही निर्धारित नहीं होता। उसका खाका स्थायी खूबियों को भावी प्रगति के वाहक के रूप में बदल सकने की क्षमता से गढ़ा जाता है। अब जबकि हमारा देश 'विकसित भारत 2047' की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश कर रहे हैं, मैन्यूफैक्चरिंग को सुदृढ़ बना रहे हैं और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्योग को तैयार कर रहे हैं। फिर भी, हमारी हथकरघा परंपरा उन सबसे बड़ी खूबियों में से एक है जो हमेशा हमारे साथ बनी रही है। आगामी 7 अगस्त कोजब भारत 12वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाएगा, तो यह हथकरघा को एक ऐसे रणनीतिक क्षेत्र के तौर पर देखने का उपयुक्त अवसर होगा जो टिकाऊपन, प्रामाणिकता और सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला को महत्व देने वाली दुनिया के लिए बेहद अहम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 'विकसित भारत 2047' का सपना समृद्धि, आत्मनिर्भरता, समावेशिता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास पर आधारित है। हथकरघा, विरासत और नवाचार को एक साथ जोड़कर इस सपने को साकार करता है।साथ ही, यह महिलाओं के नेतृत्व में विकास, ग्रामीण उद्यमिता, आजीविका और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को भी बढ़ावा देता है।

रामचरितमानस में कहा गया है,

"सौरजधीरजतेहिरथचाका।सत्यसीलदृढ़ध्वजाप ताका॥

बलबिबेकदमपरहितघोरे।छमाकृपासमतारजुजो रे॥"विजय रथ के उपदेश में भगवान राम यह सिखलाते हैं कि स्थायी जीत शक्ति पर नहीं, बल्कि मूल्यों पर आधारित होती है। इन्हीं मूल्यों ने सदियों से भारत की हथकरघा परंपरा को टिकाए रखा है। हाथ से बुना हुआ हर कपड़ा परंपरा को बनाए रखने के साहस, हर धागे को बेहतरीन बनाने के धैर्य, ईमानदार कारीगरी की निष्ठा और पीढ़ियों से चली आ रही समझदारी को दर्शाता है। यही कारण है कि हथकरघा महज एक शिल्प नहीं, बल्कि भारत की महानतम सभ्यतागत खूबियों में से एक है। सबसे पहले कपास की खेती एवं बुनाई करने वाली सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर वैश्विक व्यापार में भारतीय वस्त्रों के दबदबे वाली अठारहवीं सदी तक, भारत ने वैश्विक स्तर पर वस्त्र निर्माण की उत्कृष्टता के सर्वोच्च मानक स्थापित किए। बंगाल के प्रसिद्ध मलमल के साथ-साथ बनारसी सिल्क, कांचीपुरम की बुनाई, पोचमपल्ली इकत और अनगिनत क्षेत्रीय परंपराओं ने भारत को दुनिया भर में पहचान और प्रशंसा दिलाई। बंगाल का मलमल तो इतना महीन होता था कि 25 मीटर लंबा कपड़ा भी एक अंगूठी से होकर गुजर जाए। आजजब दुनिया प्रामाणिक, टिकाऊ और हाथ से बने उत्पादों की ओर मुड़ रही है, तो हमारे पास उस अग्रता को फिर से हासिल करने का एक ऐतिहासिक मौका है। हमारी अगली हथकरघा क्रांति के दौरान सिर्फ वस्त्र ही नहीं,



बल्कि कारीगरी, विरासत, नवाचार और भरोसे का भी निर्यात होना चाहिएताकि हाथ से बुना हर उत्पाद 'ब्रांड इंडिया' की पहचान बन सके।

हथकरघा भारत का सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है।यह 35 लाख से अधिक बुनकरों व उनसे जुड़े कामगारों की आजीविका का सहारा है।इन कामगारों में से लगभग 72 प्रतिशत महिलाएं हैं। पिछले दशक में, सरकार ने 'कच्चा माल आपूर्ति योजना', 797 हथकरघा क्लस्टरों, 1.24 लाख से अधिक उन्नत करघों, लगभग 97,000 कारीगरों के कौशल विकास और उत्पादक कंपनियों, जीआईटैग वाले उत्पादों, हैंडलूम मार्क, इंडिया हैंडमेड सर्टिफिकेशन, अर्बन हाट और डिजाइन रिसोर्स सेंटर जैसी पहलों के जरिए इस सेक्टर को सुदृढ़ किया है। आज 29 'बुनकर सेवा केन्द्र' प्रशिक्षण, कौशल के उन्नयन, डिजाइन के विकास, कच्चे माल संबंधी सहायता और बाजार से जोड़ने जैसी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। वहीं, 11 इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हैंडलूम टेक्नोलॉजी को सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि उन्नत प्रशिक्षण के प्रसार को बढ़ाया जा सके और विशेष प्रकार केअधिक मूल्य वाले हथकरघा उत्पाद बनाए जा सकें। ये पहलें हथकरघा को सिर्फ एक कल्याणकारी गतिविधि के तौर पर समर्थन देने से हटकर, इसे वैश्विक स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी एवं रचनात्मक उद्योग के रूप में विकसित करने की दिशा में होने वाले एक बदलाव को दर्शाती हैं। आगामी 'राष्ट्रीय हथकरघा और हस्तशिल्प कार्यक्रम' 500 जिलों में 1,800 क्लस्टरों को सुदृढ़ करेगा, 65 लाख बुनकरों व कारीगरों को लाभान्वित करेगा और 'हैंडमेड इन इंडिया' को एक वैश्विक ब्रांड के तौर पर स्थापित करेगा।

नवाचार हमेशा से भारत की हथकरघा से जुड़ी यात्रा का हिस्सा रहा है। महात्मा गांधी के अंबर चरखे ने सूत कातने के काम को आसान, तेज और अपेक्षाकृत अधिक कुशल बनाया।इससे आत्मनिर्भरता का विजन आगे बढ़ा। हाल ही में, असम के मैना करघे और शिवसागर में विकसित चित्तरंजन हथकरघे ने यह दर्शाया है कि करघे के बेहतर डिजाइन से बुनाई का काम कैसे आसान और अधिक उत्पादक हो सकता है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी) के साथ मिलकर बनाया गया 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हैंडलूम टेक्नोलॉजी' ऐसे करघे विकसित कर रहा है जो हल्के, मजबूत और उपयोग में आसान हैं। ये करघे शारीरिक मेहनत को कम करते हैं और उत्पादकता बढ़ाते हैं।इसमें दिव्यांग लोगों के लिए भी सुविधाएं शामिल हैं। इस सेंटर के तहत, 'हैंडलूम 4.0' पहल उत्पादकता, गुणवत्ता और रखरखाव की निगरानी हेतु डिजिटल टूल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करती है। इस पहल को अलग-अलग राज्यों में बड़े पैमाने पर कार्यान्वित करने से पहले 100 करघों पर प्रायोगिक परियोजना के तौर पर आजमाया जा रहा है।

तकनीक को कारीगरों की जगह लेने के बजाय उनके सशक्तिकरण का जरिया बनना चाहिए। 'विजनएक्सट' जैसे प्लेटफॉर्म मांग का अनुमान लगाने, डिजाइन के रुझानों की पहचान करने, हथकरघे के असली उत्पादों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने और बुनकरों को सीधे दुनिया के बाजारों से जोड़ने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, प्रीमियम सिल्क, नेचुरल फाइबर, सस्टेनेबल फाइबर और इनोवेटिव ब्लेंड्स जैसे उत्पादों में विविधता लाकर अधिक मूल्य वाले उत्पाद बनाए जा सकते हैं और नए बाजारों तक पहुंचाए जा सकते हैं। बेहतर ब्रांडिंग, मूल्य वर्धन (वैल्यू एडिशन) और बाजार तक सीधी पहुंच के जरिएये नवाचार बुनकरों की आय में काफी बढ़ोतरी कर सकते हैं। हमारा विजन हर बुनकर को सम्मानजनक और बेहतर आय कमाने में सक्षम बनाना हैताकि आने वाले वर्षों में वे 50,000 रुपये प्रति माह तक की कमाई अर्जित कर सकें।

हथकरघे का भविष्य बाजार के साथ-साथ सोच पर भी निर्भर करता है। हमारे बुनकर सिर्फ कामगार नहीं हैं। वे उद्यमी, नवोन्मेषक और मूल्य सृजित वाले हैं। उन्हें ब्रांड बनाने, मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ने और दुनिया के बाजारों तक पहुंचने में मदद करके, हम हथकरघा को भारत के सबसे गतिशील रचनात्मक उद्योगों में से एक बना सकते हैं। भारत के युवाओं से भी एक आहवान है कि वे हथकरघे के अगले अध्याय को आकार देने के लिए विरासत एवं तकनीक, रचनात्मकता और उद्यमशीलता को एक साथ जोड़ें। इस राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर, आइए हम अपने बुनकरों का सम्मान सिर्फ हमारी विरासत के संरक्षक के रूप में ही नहींबल्कि भारत की प्रगति के शिल्पकारों के रूप में भी करें। साथ ही, हम हथकरघा को अपने रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाएं। हमारे द्वारा खरीदा और पहना गया हथकरघा का हर उत्पाद एक बुनकर की आजीविका को मजबूत करता है, सदियों पुरानी एक परंपरा को संजोता है और भारत की कहानी को दुनिया तक पहुंचाता है। हथकरघा को अपनाकर, हम न सिर्फ अपनी विरासत को ओढ़ते हैं बल्कि 'विकसित भारत' के भविष्य को बुनने में भी मदद करते हैं।

**(लेखक केन्द्रीय वस्त्र मंत्री हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)**

मेष आज का दिन आपको धैर्य और संयम का महत्व सिखाने वाला है। जल्दबाजी में लिया गया कोई भी निर्णय आपके काम बिगाड़ सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। विरोधी सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपकी सूझबूझ और समझदारी उनके प्रयासों को विफल कर देगी। मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा और कहीं घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है। बातचीत करते समय शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा, तभी मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे।

वृषभ आज का दिन आपके लिए शांति और धैर्य बनाए रखने का संदेश दे रहा है। किसी भी विवाद या बहस से दूरी बनाकर रखना आपके लिए लाभदायक रहेगा। मन कुछ उलझनों में रह सकता है, लेकिन लंबे समय से अटकी हुई कोई डील पूरी होने से राहत मिलेगी। संतान से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय, जैसे नया वाहन खरीदना, लिया जा सकता है। पुराने वादों को निभाने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खुल सकते हैं और अविवाहित लोगों के जीवन में प्रेम का आगमन होने के संकेत हैं।

मिथुन आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए शुभ रहने वाला है। धन लाभ के साथ-साथ नए अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। हालांकि किसी की मीठी बातों में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। विदेश से जुड़े कार्यों में शुभ समाचार मिलने की संभावना है। माताजी के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है, इसलिए समय रहते डॉक्टर से सलाह लेना उचित रहेगा। अपनी पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें, अन्यथा पिताजी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

कर्क आज आपकी आय में वृद्धि होने के संकेत हैं और कार्यक्षेत्र में टीम का पूरा सहयोग मिलेगा। हालांकि जल्दबाजी में कोई गलती हो सकती है, इसलिए सावधानी बरतें। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताने से मानसिक शांति मिलेगी। रिश्तेदारों के साथ संबंध और मजबूत होंगे। व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा लाभदायक साबित हो सकती है। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है, तो उसमें अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए सफलता और सम्मान लेकर आने वाला है। परिवार और मित्रों के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई पहचान और सम्मान मिल सकता है। किसी नए कार्य की शुरुआत करने से पहले अच्छी तरह विचार अवश्य करें। विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा या मनचाहे कोर्स से जुड़ी कोई इच्छा पूरी होने की संभावना है।

कन्या आज आपको आलस्य छोड़कर पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्यों में जुटना होगा। आपकी मधुर वाणी लोगों को प्रभावित करेगी और कई कार्य आसानी से पूरे होंगे। अफवाहों या सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा करने से बचें। माताजी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करें। भाइयों के साथ बातचीत से किसी पुरानी समस्या का समाधान मिल सकता है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाए रखना आपके हित में रहेगा।

तुला आज जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं और खर्च आय से अधिक होने के कारण मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। संतान के व्यवहार को लेकर भी कुछ चिंता बनी रह सकती है। एक साथ कई कार्य आने से व्यस्तता बढ़ेगी। जीवनशैली में सुधार के लिए आप कुछ नई खरीदारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी के साथ बेवजह विवाद होने की संभावना है। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी।

वृश्चिक आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा। नौकरीपेशा लोगों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना होगी और पदोन्नति के संकेत भी मिल सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत सोच-समझकर करें। समय का सही उपयोग आपको सफलता दिलाएगा। नई नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

धनु आज बड़ों का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। आपके समझदारी भरे निर्णय लोगों को प्रभावित करेंगे। ऊर्जा और उत्साह के साथ आप अपने सभी कार्य समय पर पूरे करेंगे। हालांकि मन थोड़ा भटक सकता है, इसलिए अपने लक्ष्य पर पूरा ध्यान बनाए रखें। संतान की संगति पर विशेष ध्यान दें। किसी विवाह संबंधी समस्या का समाधान किसी मित्र की सहायता से निकल सकता है।

मकर आज का दिन आपके लिए शुभ समाचार लेकर आ सकता है। दूर रहने वाले किसी प्रियजन से अच्छी खबर मिलने की संभावना है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक मामलों में किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें। माता-पिता का आशीर्वाद आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करेगा और तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

कुंभ आज का दिन सामान्य लेकिन सीख देने वाला रहेगा। व्यापार में किसी तकनीकी समस्या के कारण थोड़ी परेशानी आ सकती है। कार्यभार बढ़ेगा, लेकिन टीम का सहयोग आपको हर चुनौती से बाहर निकाल देगा। विद्यार्थियों को गुरुजनों के मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। परिवार का सहयोग आपके आत्मविश्वास को मजबूत करेगा।

मीन आज आपकी मेहनत और लगन ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। अपने प्रयासों से आप नई उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होने की संभावना है, इसलिए बजट बनाकर चलें। परिवार के बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। किसी नए कार्य की शुरुआत आपके लिए शुभ परिणाम लेकर आ सकती है। अपने विरोधियों को पहचानकर ही आगे बढ़ें, क्योंकि लापरवाही नुकसान का कारण बन सकती है।

# बस्तर में बदलाव की दस्तक: अब विकास की होगी असली परीक्षा

**अशोक कुमार साहू**

कभी नक्सल हिंसा, भय और अविकास का पर्याय रहा बस्तर आज परिवर्तन के ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां पहली बार विकास की चर्चा सुरक्षा अभियानों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बस्तर की सबसे बड़ी समस्या नक्सलवाद है, लेकिन अब जबकि सुरक्षा बलों के लगातार अभियानों से नक्सली हिंसा सिमटी है, राज्य सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती शांति को स्थायी विकास में बदलने की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हालिया दिल्ली दौरा इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष जिस व्यापक "बस्तर विजन" का खाका रखा, वह केवल परियोजनाओं की सूची नहीं, बल्कि बस्तर के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत करता है। यदि इन प्रस्तावों को समयबद्ध तरीके से अमल में लाया जाता है, तो आने वाले वर्षों में बस्तर की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के समक्ष सबसे पहले उन 461 गांवों का मुद्दा उठाया, जहां दशकों तक नक्सली हिंसा के कारण बिजली का स्थायी ग्रिड नहीं पहुंच पाया। इन गांवों को राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड से जोड़ने के लिए केंद्र से विशेष वित्तीय सहायता का अनुरोध किया गया है। बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि और डिजिटल सेवाओं तक पहुंच का आधार है। जिन क्षेत्रों में आज भी अंधेरा विकास की सबसे बड़ी बाधा है, वहां यह पहल परिवर्तनकारी साबित हो सकती है।

इसी क्रम में बस्तर में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद) की स्थापना का प्रस्ताव भी महत्वपूर्ण है। जनजातीय क्षेत्रों में पारंपरिक औषधीय ज्ञान और आधुनिक आयुर्वेदिक चिकित्सा के समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं का नया मॉडल विकसित किया जा सकता है। यदि यह संस्थान स्थापित होता है तो बस्तर स्वास्थ्य और औषधीय अनुसंधान के क्षेत्र में भी नई पहचान बना सकता है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बताया कि 'नियद नेल्ला नार 2.0' और 'बस्तर मुहिम' के माध्यम से संभाग के 5,542 गांवों में सरकारी योजनाओं का व्यापक विस्तार किया जा रहा है और लगभग 39 लाख लोग इनका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। राशन, आयुष्मान भारत, जनधन, वनाधिकार और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना किसी भी लोकतांत्रिक शासन की सफलता का महत्वपूर्ण पैमाना है। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है तो यह केवल कल्याणकारी कार्यक्रम नहीं रहेंगे, बल्कि सामाजिक विश्वास बहाली का भी माध्यम बनेंगे शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलाव उल्लेखनीय हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में वर्षों से बंद पड़े 421 स्कूलों का पुनः संचालन इस बात का संकेत है कि परिस्थितियां बदल रही हैं। दंतेवाड़ा की सफलता को आधार बनाकर ओरछा और जगरगुंडा में नई एजुकेशन सिटी विकसित करने की योजना दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो किसी भी क्षेत्र को हिंसा और पिछड़ेपन के चक्र से स्थायी रूप से बाहर निकाल सकती है। स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार की कोशिशें दिखाई देती हैं। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत लाखों लोगों की स्वास्थ्य जांच, जगदलपुर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और गीदम में मेडिकल कॉलेज जैसी परियोजनाएं इस दिशा में सकारात्मक संकेत हैं। हालांकि चुनौती केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, आधुनिक उपकरण, दवाओं की निरंतर आपूर्ति और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक होगा। बस्तर के विकास में आधारभूत संरचना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। सड़क,



रेल और हवाई संपर्क में सुधार के बिना उद्योग, पर्यटन और निवेश की संभावनाएं सीमित रहेंगी। लगभग 3,513 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन जगदलपुर-रावघाट रेललाइन इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके अलावा किरंदुल-कोत्तागुडेम तथा गढ़चिरौली-बीजापुर-किरंदुल रेल परियोजनाओं के सर्वे कार्य को शीघ्र पूरा करने का आग्रह भी भविष्य की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे और इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बैराज परियोजना भी कृषि, सिंचाई और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने की क्षमता रखती है। बस्तर की भौगोलिक परिस्थितियां सामान्य क्षेत्रों से भिन्न हैं। घने जंगल, पहाड़ियां और बिखरी हुई छोटी-छोटी बसाहटें यहां सड़क निर्माण को चुनौतीपूर्ण बनाती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विशेष प्रावधान की मुख्यमंत्री की मांग व्यावहारिक प्रतीत होती है। अरुणाचल प्रदेश की तर्ज पर दस किलोमीटर की परिधि में स्थित बसाहटों को एक क्लस्टर मानने का प्रस्ताव यदि स्वीकार होता है तो सैकड़ों गांव पहली बार सर्वकालिक सड़क संपर्क से जुड़ सकेंगे। सड़क केवल आवागमन का माध्यम नहीं होती, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार, प्रशासन और सुरक्षा की जीवनरेखा भी होती है। डिजिटल कनेक्टिविटी आज विकास का नया मानदंड बन चुकी है। मुख्यमंत्री द्वारा 2,305 नए मोबाइल टावरों की स्वीकृति का अनुरोध और पहले से स्वीकृत 577 टावरों की स्थापना में तेजी लाने की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। जिन गांवों तक मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट नहीं पहुंचते, वहां डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाएं, बैंकिंग, ई-गवर्नेंस और डिजिटल अर्थव्यवस्था की कल्पना भी अधूरी रहती है। डिजिटल समावेशन अब विलासिता नहीं, बल्कि बुनियादी आवश्यकता बन चुका है। बस्तर केवल प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी भारत की अमूल्य धरोहर है। बस्तर दशहरा विश्व का सबसे लंबा और अनूठा दशहरा उत्सव माना जाता है। चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, जनजातीय परंपराएं, लोककला और हस्तशिल्प इसे वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिला सकते हैं।

यदि पर्यटन का विकास स्थानीय समुदाय की भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण के साथ किया जाए तो यह हजारों युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा स्रोत बन सकता है। कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज और एडवेंचर टूरिज्म जैसी परियोजनाएं भी इस दिशा में नए अवसर खोल सकती हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता को भी समान महत्व देने का प्रयास कर रही है। राष्ट्रपति भवन में बस्तर पंडुम-2026 के विजेताओं, पारंपरिक जनजातीय नेतृत्व व्यवस्था के प्रतिनिधियों और पद्मश्री सम्मानित विभूतियों का सम्मान केवल औपचारिक आयोजन नहीं था, बल्कि जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सशक्त संदेश भी था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा बस्तर दशहरा और बस्तर पंडुम में भविष्य में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करना भी इस सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है। फिर भी यह नहीं भूलना चाहिए कि बस्तर में आई शांति अचानक नहीं आई है। इसके पीछे सुरक्षा बलों के हजारों जवानों का साहस, अनेक निर्दोष नागरिकों की शहादत और वर्षों तक चले कठिन अभियानों का इतिहास जुड़ा है। इसलिए विकास की इस यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर नहीं होने देना होगा। इतिहास बताता है कि केवल सुरक्षा अभियान स्थायी समाधान नहीं देते और केवल विकास योजनाएं भी पर्याप्त नहीं होतीं। दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना ही दीर्घकालिक सफलता की कुंजी है।

एक और महत्वपूर्ण चुनौती आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों के पुनर्वास की है। केवल आर्थिक सहायता देकर सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं मान सकती। उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार और सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे। इससे भी अधिक आवश्यक है कि समाज उन्हें स्वीकार करे, ताकि वे दोबारा हिंसा के रास्ते पर लौटने को विवश न हों। सफल पुनर्वास ही स्थायी शांति की वास्तविक गारंटी बन सकता है। बस्तर आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। पहली बार ऐसा अवसर आया है जब सुरक्षा, विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक संरक्षण–सभी मोर्चों पर समानांतर प्रयास दिखाई दे रहे हैं। लेकिन किसी भी विजन की वास्तविक सफलता उसकी घोषणाओं में नहीं, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन में निहित होती है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय, पारदर्शी कार्यप्रणाली और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी ही इस परिवर्तन को स्थायी बना सकती है।

यदि प्रस्तावित योजनाएं निर्धारित समयसीमा में पूरी होती हैं और विकास का लाभ वास्तव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है, तो आने वाले वर्षों में बस्तर केवल नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्र के रूप में नहीं, बल्कि समावेशी विकास, सांस्कृतिक गौरव और जनभागीदारी के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में भी पहचाना जा सकता है। यही वह नई सुबह होगी, जिसकी प्रतीक्षा बस्तर ने दशकों तक की है।

# बिना अधिकारी के चल रहा बीआरसी कार्यालय, व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर, 6 अगस्त।** जिले में संलग्निकरण समाप्त होने के बाद शिक्षा विभाग सहित विभिन्न कार्यालयों में 100 से अधिक पद रिक्त हो गए हैं। इन रिक्तियों पर अब तक नियमित नियुक्ति नहीं होने से कई विभागों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक असर खण्ड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) कार्यालय पर देखने को मिल रहा है, जहां अधिकारी के अभाव में कार्यालय संचालन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, पूर्व में बीआरसी सहित कई विभागों में संलग्न शिक्षकों के माध्यम से प्रशासनिक कार्य संचालित किए जा रहे थे। मुख्य सचिव के निर्देश के बाद सभी संलग्न शिक्षकों को उनके मूल विद्यालयों में वापस भेज दिया गया। इसके बाद कुछ कार्यालयों में प्रभार सौंपकर व्यवस्था बनाई गई, लेकिन बीआरसी कार्यालय में अब तक किसी अधिकारी की विधिवत पदस्थापना नहीं की गई है।बताया जाता है कि आवश्यकता पड़ने पर पूर्व में कार्यरत कर्मचारियों को बुलाकर आवश्यक कार्य निपटाए जा रहे हैं। इससे कार्यालय की नियमित कार्यप्रणाली प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।इधर, स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि जिले में बड़ी संख्या में पद रिक्त होने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं होना चिंता का विषय है। उनका मानना है कि रिक्त पदों पर स्थानीय स्तर पर नियुक्तियां की जाएं तो एक ओर विभागों का सुचारु संचालन सुनिश्चित होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन बीआरसी कार्यालय सहित अन्य रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति कर व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कब तक ठोस कदम उठाता है।

# कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के लिए दिए आवश्यक निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 6 अगस्त।** जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। जिले में मुख्य समारोह मिनी स्टेडियम बीजापुर के मैदान में आयोजित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी हेतु कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैम्प, ऑफिस, कलेक्टर निवास में प्रातः 7:15 बजे कलेक्टर बीजापुर द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इसके पश्चात प्रातः 7:30 बजे कलेक्टर बीजापुर द्वारा कलेक्टोरेट बीजापुर में ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसमें कलेक्टोरेट में संचालित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित होंगे। इसके अलावा सभी शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में प्रातः 7:30 बजे कार्यालय प्रमुख या संस्था प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस एवं नगर सेना की टुकड़ियों के द्वारा सलामी गार्ड ऑफ ऑनर दी जायेगी। मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया जायेगा। उक्त समारोह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों, जवानों, स्वच्छता कर्मियों, वालेंटियर्स तथा जिला प्रशासन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी आदि को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा।बैठक के दौरान मुख्य समारोह स्थल पर मैदान समतलीकरण वॉटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था, मंच की व्यवस्था, बेरिकेटिंग तथा बैरिकेडिंग के लिए बांस बल्ली की व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, बैंच-कुर्सियों की व्यवस्था, जनरेटर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, मीडिया प्रतिनिधियों के लिए पृथक दीर्घा, चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल की समुचित व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, मुद्रण एवं वितरण की व्यवस्था समारोह स्थल पर सभी लोगों के लिए आवश्यक बैठक व्यवस्था हेतु पंडाल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। समस्त अधिकारी/कर्मचारी कार्यक्रम के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन एवं समन्वय में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में सभी तैयारी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए। स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल 13 अगस्त को प्रातः 9 बजे से की जायेगी।

### चिरायु योजना से 6 वर्षीय रिया को मिली नई जिंदगी, अब सुनने और बोलने लगी

**कांकेर,6 अगस्त ।** जिला मुख्यालय कांकेर के संजय नगर निवासी अमित सिंदूर की 6 वर्षीय पुत्री रिया सिंदूर, जो जन्म से ही सुनने और बोलने में असमर्थ थी, जिसका चिरायु योजना के तहत सफल इलाज किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार निजी अस्पताल में महंगे उपचार का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं था, लेकिन सरकारी योजना की मदद से बच्ची को नया जीवन मिला।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.सी. ठाकुर ने बताया कि चिरायु टीम के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान रिया की परीक्षण कर उसकी बीमारी संज्ञान में ली गई। इसके बाद उसे जांच के लिए एम्स रायपुर भेजा गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कॉक्लियर इम्प्लांट की सलाह दी।

भोपालपटनम ब्लाक के ग्राम सोनमपल्ली में प्रस्तावित शराब दुकान का

# विधायक विक्रम मंडावी ने ग्रामीणों के साथ किया विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर-भोपालपट्टनम, 6 अगस्त।** भोपालपट्टनम विकासखंड के ग्राम संगमपल्ली (मद्देड़) में प्रस्तावित शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान खोले जाने के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों और महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों ने प्रशासन के निर्णय का विरोध करते हुए शराब दुकान खोलने की योजना तत्काल निरस्त करने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के समर्थन में प्रशासन के निर्णय का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है, जो ग्रामीणों की भावनाओं के विपरीत है।

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि सरकार को गांवों में स्कूल, अस्पताल और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए, न कि नई शराब दुकानें खोलने पर। उन्होंने कहा कि यदि संगमपल्ली में अंग्रेजी शराब दुकान शुरू होती है तो इसका नकारात्मक प्रभाव गरीब परिवारों, ग्रामीणों, आदिवासियों और युवाओं पर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों की आपत्तियों के बावजूद पुलिस बल की मौजूदगी में शराब दुकान खोली गई, तो वे स्वयं ग्रामीणों के साथ मिलकर इसका शांतिपूर्ण लेकिन कड़ा विरोध करेंगे।ग्रामीणों और महिलाओं ने भी एक स्वर में कहा कि गांव में शराब दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण प्रभावित होगा और परिवारों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित शराब दुकान नहीं खोलने की मांग की। इस दौरान जिला अध्यक्ष लालू राठौर सहित कांग्रेसीजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। हालांकि, इस मामले में समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के निर्विरोध प्रांताध्यक्ष बने पूरन लाल ताती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा,6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ की आमसभा एवं निर्वाचन कार्यक्रम का आयोजन 1 अगस्त 2026 को बस्तर संभाग में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त कोषालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से पूरन लाल ताती को संघ का प्रांताध्यक्ष तथा दीपक देवांगन को प्रांतीय महामंत्री निर्विरोध नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष पूरन लाल ताती ने बताया कि संघ की नियमावली के अनुसार प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन भी किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी में द्वारिका प्रसाद वस्त्रकार को कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, ज्ञानू राम भारद्वाज को उप प्रांताध्यक्ष, लेखराम साहू को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, गंभीर नेताम को प्रांतीय सचिव, वीरेन्द्र सिंह राठौर को प्रांतीय संगठन सचिव, रामेश्वर राव मेश्राम को प्रांतीय प्रचार सचिव तथा रूपेन्द्र कुमार साहू को प्रांतीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र सिंह ठाकुर को संघ का संस्थापक एवं वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष पूरन लाल ताती ने संगठन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा तथा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

### ग्राम पंचायत सचिव के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची जारी

**कांकेर 6 अगस्त ।** जिला पंचायत कांकेर द्वारा जिले के ग्राम पंचायतों में सचिव के 27 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि प्राप्त आवेदन पत्रों में से पात्र-अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन किया गया है। जिसका अवलोकन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर के सूचना पटल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, अंतागढ़ एवं कोयलीबेड़ा के सूचना पटल पर तथा कांकेर जिले के वेबसाइट www.kanker.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

## एक नजर

### 95 आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिली 1.40 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि

**बीजापुर, 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर विश्वदीप ने जिले के 95 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कुल 1 करोड़ 40 लाख 86 हजार 700 रुपये की प्रोत्साहन राशि के आहरण एवं वितरण की स्वीकृति प्रदान की है।जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह राशि उन आत्मसमर्पित नक्सलियों को दी जाएगी जिन्होंने शासन की पुनर्वास नीति के तहत शस्त्रों सहित आत्मसमर्पण किया है। नीति के प्रावधानों के अनुरूप उन्हें मुआवजा एवं पुनर्वास सहायता के रूप में यह प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराना है जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की पुनर्वास नीति के तहत पात्र आत्मसमर्पित नक्सलियों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आगे भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### भोपालपट्टनम के बड़े तालाब में शिक्षक का मिला शव

**बीजापुर/भोपालपट्टनम, 6 अगस्त।** नगर पंचायत भोपालपट्टनम के बड़े तालाब में बुधवार को एक 55 वर्षीय शिक्षक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



मृतक की पहचान मंतैया तोडेम (55), निवासी दुगाईगुड़ा-गोटाईगुड़ा के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल के पास मृतक की स्कूटी भी मिली, जो पिछले तीन दिनों से तालाब किनारे खड़ी थी। इसी के आधार पर शव की पहचान की गई।पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### छुरा के वार्ड क्रमांक -5 में कांक्रीट रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**छुरा, 6 अगस्त (तछसं.)।** विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद के कुशल नेतृत्व में नगर छुरा में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 05 में कांक्रीटीकरण रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। कांक्रीटीकरण रोड निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।इस अवसर पर वार्ड पार्षद शांतनु देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, पार्षद दीप्ती राजू यादव, रामजी दिवान, देवसिंग नेताम, यामीन खान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नागरिक शंकर सेन, रामेश्वर साहू, परमानंद देवांगन, देवकी गोस्वामी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने नगर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनहित में ऐसे कार्यों के लिए नगर पंचायत का आभार व्यक्त किया।

### कृषि छात्रों के लिए एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

**कांकेर 6 अगस्त।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कांकेर सिंगारभाट में कृषि स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. आदिकांत प्रधान ने छात्रों को उच्च शिक्षा, उद्यमिता और वैज्ञानिक खेती के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कृषि व्यवसाय में वैज्ञानिक तकनीक के साथ बेहतर प्रबंधन सफलता की कुंजी है।इस दौरान प्राध्यापक कृषि विस्तार डॉ. प्रमोद कुमार नेताम, डॉ. फूलसिंह मरकाम ने उद्यानिकी आधारित स्वरोजगार, डॉ. पीयूष कांत नेताम ने लाख एवं मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन जैसे सहायक व्यवसायों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. अनिल दिव्य ने व्यवसाय शुरू करने से पहले आर्थिक एवं विपणन प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## समाचार संक्षेप

### 12वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 6 अगस्त।** 12वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 31 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक अग्रसेन भवन, सिहावा चौक, धमतरी में किया गया। प्रतियोगिता में कोच नंदकिशोर साहू के नेतृत्व में बचेली नगर से पाँच खिलाड़ियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में श्रुति साहू ने 84 किलोग्राम जूनियर भार वर्ग में स्वर्ण पदक, शिप्रा बिस्वास ने 84+ किलोग्राम सीनियर भार वर्ग में 2 स्वर्ण पदक, दीपाली सरकार ने 84 किलोग्राम सीनियर भार वर्ग में कांस्य पदक, शोभा बघेल ने 64 किलोग्राम सीनियर भार वर्ग में कांस्य पदक तथा चित्रंजन दास ने 74 किलोग्राम जूनियर भार वर्ग में कांस्य पदक अर्जित कर बचेली एवं दंतेवाड़ा जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के दौरान कोच नंदकिशोर साहू को पावर लिफ्टिंग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति-चिन्ह (मोमेंटो) प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर एनएमडीसी, नगर के जनप्रतिनिधियों एवं वेटलिफ्टिंग संघ बचेली के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों एवं कोच नंदकिशोर साहू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### अध्यक्ष विजय झाड़ी ने ग्रामीणों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 6 अगस्त।** भोपालपट्टनम विकासखंड के ग्राम संगमपल्ली (मद्देड़) में प्रस्तावित अंग्रेजी शराब दुकान खोले जाने के विरोध को



लेकर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) ने भी मोर्चा खोल दिया है। पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार एवं जिला प्रशासन के निर्णय का कड़ा विरोध जताया है।प्रेस विज्ञप्ति में विजय झाड़ी ने कहा कि संगमपल्ली (मद्देड़) में अंग्रेजी शराब दुकान खोले जाने की तैयारी की जा रही है, जिसका वे विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि संगमपल्ली पहुंचकर प्रस्तावित शराब दुकान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।जेसीसीजे जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों तथा माताओं-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में संगमपल्ली चौक पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उनका कहना है कि ग्रामीणों की इच्छा के विरुद्ध शराब दुकान खोलना जनभावनाओं के विपरीत है।उल्लेखनीय है कि संगमपल्ली में प्रस्तावित शासकीय शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों और महिलाओं द्वारा पहले से ही विरोध किया जा रहा है। अब इस मुद्दे पर विभिन्न राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ने से मामला और गरमा गया है।

### भैरमगढ़ महाविद्यालय में साइबर अपराध और यातायात के प्रति किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर/भैरमगढ़, 6 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भैरमगढ़ के मार्गदर्शन में शासकीय धुर्वाराव माड़िया महाविद्यालय, भैरमगढ़ में छात्र-छात्राओं के लिए साइबर एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने फर्जी फोन कॉल, ऑनलाइन लॉटरी, केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी, ओटीपी और सीवीवी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी निवेश और ट्रेडिंग एप, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी ई-चालान, क्यूआर कोड स्कैन, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड तथा यूपीआई धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील की।विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, बैंक संबंधी जानकारी या पासवर्ड साझा न करें तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और अनधिकृत मोबाइल एप डाउनलोड करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने और www.cybercrime.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत करने की जानकारी भी दी गई। साथ ही नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की हिदायत दी गई। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा के प्रति स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस जनहितकारी पहल के लिए बीजापुर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बढ़ी वन्यजीवों की हलचल, सड़क किनारे दिखा तेंदुआ

**बीजापुर, 6 अगस्त।** बस्तर की जैव विविधता और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान ;इंद्रावती टाइगर रिजर्वद्ध में वन्यजीवों



की गतिविधियां एक बार फ्रि बढ़ने लगी हैं। बुधवार तड़के बीजापुर.कुटरू मार्ग पर मंगापेटा के पास सड़क किनारे एक तेंदुआ दिखाई दिया।जानकारी के अनुसारए 108 एंबुलेंस के चालक तड़के करीब 5रू30 बजे कुटरू लौट रहे थे। इसी दौरान मंगापेटा के समीप सड़क किनारे एक तेंदुआ दिखाई दिया। दोनों ने वाहन रोककर उसके सुरक्षित रूप से जंगल की ओर लौटने तक इंतजार किया और इस दौरान उसका वीडियो भी रिकॉर्ड किया।रविंद्र जैली ने बताया कि तेंदुआ कुछ देर तक सड़क किनारे खड़ा रहा और फ्रि जंगल की ओर चला गया। इसके बाद एंबुलेंस कर्मियों ने वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कियाए जो तेजी से चर्चा का विषय बन गया। यह क्षेत्र बस्तर के सबसे घने जंगलों में शामिल है और बाघों के महत्वपूर्ण आवास के रूप में जाना जाता है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में तेंदुआए जंगली भैंसाए गौरए सांभरए चीतलए स्लॉथ भालूए दुर्लभ जंगली कुत्ता ;ढोलद्धए मगरमच्छ सहित अनेक वन्यजीव और पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं। मानसून के दौरान यहां प्रवासी पक्षियों की भी आमद होती है।वन विभाग द्वारा बाघ एवं जंगली भैंसा संरक्षण के लिए विशेष परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं वन्यजीवों के अवैध शिकार पर रोक लगाने के लिए छत्तीसगढ़ए महाराष्ट्र और तेलंगाना के बीच समन्वय बनाकर संयुक्त रणनीति पर भी काम किया जा रहा है। ऐसे में सड़क किनारे तेंदुए की मौजूदगी को इस समृद्ध वन क्षेत्र की सक्रिय जैव विविधता का संकेत माना जा रहा है।

# हत्या के चार आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे में किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई जेवरा-सिरसा के



दुर्ग-धमधा रोड पर लूट के इरादे से ग्राम-तुमाकला के उपसरपंच व मंडल कांग्रेस के कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह कश्यप ( 47 साल ) की हत्या करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने 48 घंटे के भीतर धर दबोचा। पेट्रोल पंप और चिखली तरफ में लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपी पुलिस के पकड़ में आए। आरोपी घटना के बाद घटारानी भाग गए थे। वापस लौटते समय उनकी गाड़ी खराब हो गई। जैसे ही वे लौटे पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपियों में आदर्श उर्फ लाल (19 साल ) निवासी कादम्बरी नगर मोहन नगर समेत तीन नाबालिग शामिल हैं। डीआईजी व दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि घटना तड़के 2 से 2.20 के आसपास हुई। 3 बजे उन्हें सूचना मिली तो वे खुद घटनास्थल पर पहुंचे। मामले को सुलझाने के लिए 40 अलग-अलग टीमें बनाई। सबसे पहले उस क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में चाकूबाजों में चालान हुआ है। उस दिशा में काम करते हुए जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज खंगालना उसके बाद चार अलग-अलग एरिया में एक टीम मोहननगर के शक्तिनगर और शांतिनगर, दूसरी टीम स्मृतिनगर क्षेत्र, तीसरी टीम करीहडीह क्षेत्र व चौथी टीम पथरिया व धमधा क्षेत्र में काम कर रही थी।इसके अलावा घटनास्थल के 10 किलोमीटर के दायरे में जितने भी चाकूबाज का हॉटस्पाट एरिया था। उस दिशा में भी काम किया जा रहा था। साथ ही घटनास्थल से लेकर दुर्ग, भिलाई, धमधा मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का लगातार विश्लेषण किया गया। कई घंटों तक फुटेज का क्रमवार मिलान कर संदिग्ध मोटरसाइकल की आवाजाही, समय, दिशा एवं रूट का वैज्ञानिक विश्लेषण करने के बाद अरोपियों की शिनाख्त हो पाई

# बाइक सवार शिक्षिका को लूटकर हो गए फरार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई पिस्टल की नोक पर शिक्षिका से अज्ञात ने लूटपाट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया है अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि भिलाई तीन निवासी योगिता पुरोहित जामगांव में शिक्षिका ग्राम के पद पर कार्यरत है ई रिक्शा से शिक्षिका अपने घर लौट रही थी इस दौरान बाइक सवार ग्राम बटंग के पास अचानक आए और पिस्टल अडाकर लूटपाट कर फरार हो गए घटना के बाद शिक्षिका ने सूचना परिजनों को दी उसके बाद पुलिस थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है। शिक्षिका से 4-5 हजार नगद और एक मोबाइल लूटपाट किया गया। इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है सूचना पर अमलेश्वर थाने पुलिस मौके पर पहुंचीऔर घटनास्थल का मुआयना कर लूटपाट करने वालों का सुराग जुटाई जा रही है आसपास में लगे सीसी कैमरों को पुलिस खंगाल रही है जिसमें फुटेज की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है पुलिस ने थाना क्षेत्रों में घटना के बाद बाइक सवारों की चेकिंग करना भी शुरू कर दिया लूटपाट करने वालों की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है बताया यह भी जा रहा है कि पिस्टल अडाने वाला आरोपी मुंह में कपड़ा लपेटा हुआ था।

94 प्रतिशत उपभोक्ता मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान की राहत श्रेणी में, मानसून और जागरूकता से घटी बिजली खपत

# रायगढ़ में बिजली बचत का बड़ा असर, जुलाई में आधे रह गए 400 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 अगस्त ।** मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान (एम ऊर्जा) और मानसूनी मौसम के संयुक्त प्रभाव से रायगढ़ क्षेत्र में बिजली खपत के पैटर्न में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जांजगीर-चांपा और सक्ती जिलों को शामिल करने वाले रायगढ़ क्षेत्र में जुलाई माह के दौरान घरेलू बिजली उपभोग में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। बिजली विभाग के विश्लेषण के अनुसार कुल बिजली उपभोक्ताओं में लगभग 94 प्रतिशत उपभोक्ता अब 400 यूनिट तक की खपत वाली श्रेणी में आ गए हैं, जिससे वे मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान के लाभ के पात्र बने हैं।

आंकड़ों के अनुसार जून माह में क्षेत्र के कुल 2 लाख 44 हजार 869 घरेलू उपभोक्ताओं में से 2 लाख 15 हजार 891 उपभोक्ता 400 यूनिट तक की श्रेणी में थे। जुलाई में यह संख्या बढ़कर 2 लाख 31 हजार 43 हो गई। वहीं 400 यूनिट से अधिक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 28 हजार 978 से घटकर केवल 13 हजार 826 रह गई। यानी एक ही महीने में इस श्रेणी के उपभोक्ताओं की संख्या में लगभग 52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

बिजली खपत के कुल आंकड़ों में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला। जून माह में घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा कुल 48.924 मिलियन यूनिट (एमयू) बिजली की खपत की गई थी, जबकि जुलाई में यह घटकर 37.031 मिलियन यूनिट रह गई। इस प्रकार कुल मासिक बिजली खपत में लगभग 24 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। 400 यूनिट तक की श्रेणी में बिजली खपत जून के 29.926 मिलियन यूनिट से घटकर जुलाई में 28.468 मिलियन यूनिट रही। वहीं 400 यूनिट से अधिक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की खपत 18.998 मिलियन यूनिट से घटकर मात्र 8.563 मिलियन यूनिट रह गई, जो लगभग 55 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी है।बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस परिवर्तन के पीछे दो प्रमुख कारण रहे। पहला, जुलाई माह में लगातार हुई अच्छी मानसूनी बारिश के कारण एयर कंडीशनर, कूलर और अन्य शीतलन उपकरणों का उपयोग काफी कम हुआ। दूसरा, मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान का लाभ प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी मासिक बिजली खपत 400 यूनिट के भीतर रखने का प्रयास किया, जिससे ऊर्जा संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आए।श्रेणीवार विश्लेषण भी इस बदलाव की पुष्टि करता है। जुलाई में 401 से 600 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में लगभग 46 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, जबकि 600 यूनिट से अधिक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में 62 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे स्पष्ट है कि अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं ने भी अपने उपयोग में उल्लेखनीय कमी लाई है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आने वाले महीनों में भी उपभोक्ता बिजली के विवेकपूर्ण उपयोग और ऊर्जा संरक्षण के उपाय अपनाते रहे, तो प्रदेश में बिजली की मांग संतुलित बनी रहेगी। साथ ही अधिकाधिक परिवार मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम होने के साथ ऊर्जा बचत को भी बढ़ावा मिलेगा।

# डीएमएफ मद से जिले के विकास कार्यों को मिली रफ्तार

- स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के विकास को मिली नई गति
- 15.85 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रयासों से जिले के खनिज प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए जनहित के कार्यों को लगातार स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से 15 करोड़ 85 लाख 60 हजार रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं से जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण अधोसंरचना को नई मजबूती मिलेगी तथा हजारों ग्रामीणों को बेहतर सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत खरसिया विकासखंड के सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण और उन्नयन के लिए 88 लाख 81 हजार रुपये मंजूर किए गए हैं। वहीं धरमजयगढ़ विकासखंड के सिविल अस्पताल के निर्माण एवं उन्नयन कार्यों के लिए 5 करोड़ 28 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त धरमजयगढ़, लैलूंगा, तमनार एवं घरघोड़ा विकासखंडों में मॉडल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेंटर भवनों के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए 9 करोड़ 56 लाख 18 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं और बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध होगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा भी विस्तृत होगा।

शिक्षा अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में लैलूंगा विकासखंड के ग्राम पंचायत कुर्रा में अतिरिक्त कक्ष सहित प्राथमिक शाला भवन के जीर्णोद्धार के लिए 3 लाख 48 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चोरंगा के माध्यमिक शाला भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 9 लाख 13 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएमएफ मद से स्वीकृत इन विकास कार्यों के क्रियान्वयन से खनिज प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आएगा तथा क्षेत्र के समग्र और संतुलित विकास को नई गति मिलेगी।

## एक नजर

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षकों के लिए 12 अगस्त को वॉक-इन-इंटरव्यू

रायगढ़, 6 अगस्त / एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, छर्राटांगर घरघोड़ा, जिला रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु 12 अगस्त को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती पूर्णतः संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) आधार पर की जाएगी।एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर घरघोड़ा के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले 3 जुलाई 2026 को आयोजित वॉक-इन-इंटरव्यू में उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलने के कारण पीजीटी भूगोल, पीजीटी अंग्रेजी एवं ऑटोमोटिव लैब हेतु कौशल शिक्षक के पद रिक्त रह गए थे। शैक्षणिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए इन पदों पर दोबारा वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 12 अगस्त को प्रातः 8 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं।

### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें एग्री स्टैक का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करें: कलेक्टर



**राजिम, 6 अगस्त।** कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण एवं एग्री स्टैक कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समयबद्ध राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कलेक्टर ने नामांतरण, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, भू-अभिलेख दुरुस्ती, अविवादित खाता विभाजन, नक्शा बटांकन तथा किसान पंजीयन एवं एग्री स्टैक से संबंधित सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर नहीं जाना चाहिए तथा प्रत्येक राजस्व निरीक्षक (आरआई) अपने क्षेत्र के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करें।बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने ऑटो डायवर्जन से संबंधित लंबित आवेदनों पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व निरीक्षकों से आवश्यक प्रतिवेदन प्राप्त कर ऐसे सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। भू-अर्जन मामलों में कलेक्टर ने अनुविभागवार जानकारी लेते हुए कहा कि जहां भी विलंब हो रहा है, उसे समाधान करें।

### छत्तीसगढ़ में पनीर एनालॉग एवं गैर दुग्ध खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध

**राजिम, 6 अगस्त ।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य संरक्षण, खाद्य सुरक्षा तथा निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पनीर एनालॉग एवं ऐसे गैर दुग्ध खाद्य उत्पादों, जो पनीर, क्रीम, मक्खन अथवा अन्य दुग्ध उत्पादों के विकल्प अथवा उनकी नक़ल के रूप में निर्मित एवं विक्रय किए जाते हैं, के निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 18 एवं धारा 30 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता तथा भ्रामक एवं अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से यह प्रतिबंध लागू किया गया है।खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राज्य के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं, जिनमें निर्माता, डेयरी इकाइयाँ, होटल, रेस्टोरेंट, थोक एवं फुटकर विक्रेता शामिल हैं, को निर्देशित किया है कि वे ऐसे उत्पादों का निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद करना सुनिश्चित करें। जिन खाद्य कारोबारकर्ताओं के खाद्य लाइसेंस में पनीर एनालॉग अथवा संबंधित उत्पादों का उल्लेख है, वे नियमानुसार आवश्यक संशोधन की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करें।विभाग द्वारा इस आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेशभर में विशेष जांच एवं निरीक्षण अभियान संचालित किया जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत डेयरी होटल और बेकरी की सघन जांच




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 अगस्त।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष जांच अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को विभागीय टीम ने शहर की डेयरी दुकानों, मिठाई प्रतिष्ठानों, होटल, रेस्टोरेंट और बेकरी का सघन निरीक्षण कर खाद्य कारोबारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अभियान के दौरान पनीर एनालॉग और डेयरी एनालॉग उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री पर प्रतिबंध संबंधी आदेशों की जानकारी भी दी गई।

### डेयरी एनालॉग व पनीर एनालॉग की बिक्री नहीं करने के दिए निर्देश

नियंत्रक के आदेश के परिपालन में 4 अगस्त को अभिहित अधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारियों को राज्य शासन द्वारा डेयरी एनालॉग के निर्माण एवं विक्रय पर लगाए गए प्रतिबंध से अवगत कराया गया। साथ ही दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे किसी भी प्रकार का पनीर एनालॉग बिक्री के लिए न रखें तथा केवल मानक अनुरूप खाद्य सामग्री का ही विक्रय करें।

### ब्रेड और केक के नमूने लिए, जागरूकता अभियान भी चलाया

निरीक्षण के दौरान मंगलूडीपा रायगढ़ स्थित आरजू बेकरी से ब्रेड और केक का एक-एक विधिक नमूना जांच के लिए लिया गया।

इसके साथ ही आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) गतिविधि के तहत खाद्य सुरक्षा संबंधी पोस्टर चस्पा किए गए तथा दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पाम्पलेट वितरित किए गए। अभियान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी सुधा चौधरी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेमीचंद पटेल तथा नमूना सहायक सुमन अग्रवाल उपस्थित रहे।

# टीसी रोकने के आरोप निराधार, विवि से अंक सूची अब तक नहीं मिली:प्राचार्य दिनेश साहू




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद-छुरा,6 अगस्त।** विकासखंड मुख्यालय स्थित कचना धुवा महाविद्यालय पर टीसी और अंकसूची रोकने तथा छात्रों पर प्रवेश के लिए दबाव बनाने के जो आरोप लगे थे, कॉलेज प्रबंधन ने उनका खंडन किया है।

प्राचार्य डा.दिनेश साहू ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि महाविद्यालय में दस्तावेज रोकने की कोई नीति नहीं है। इस वर्ष बीए फाइनल ईयर में 70 छात्र उत्तीर्ण हुए थे। इनमें से 12 छात्रों ने टीसी के लिए आवेदन किया था। 09 छात्रों को टीसी जारी की जा चुकी है। 03 छात्राओं की टीसी 29 जुलाई को बना दी गई थी, लेकिन वे अब तक लेने नहीं आई हैं। शेष छात्र-छात्राओं ने अभी तक टीसी के लिए आवेदन नहीं दिया है।उन्होंने बताया कि बीए फाइनल ईयर की मूल अंकसूची रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से अब तक प्राप्त नहीं हुई है। अंकसूची मिलते ही तत्काल वितरण कर दिया जाएगा। विलंब का कारण विश्वविद्यालय स्तर पर दस्तावेज का लंबित होना है, कॉलेज की मनमानी नहीं।प्राचार्य ने उस खबर को भी गलत बताया जिसमें कहा गया था कि छात्रों पर इसी कॉलेज में प्रवेश लेने का दबाव है। उन्होंने कहा, ÷छात्र अपनी इच्छा से कहीं भी प्रवेश लेने स्वतंत्र हैं। हमने 09 छात्रों को एनओसी देकर दूसरे कॉलेज में प्रवेश में मदद की है। प्राचार्य ने पत्रिका में प्रकाशित धरना प्रदर्शन की तस्वीर पर भी आपत्ति जताई। कहा कि नगर में छात्र यूनियन द्वारा ऐसा कोई प्रदर्शन नहीं किया गया और न ही वह तस्वीर छात्र यूनियन की है। उन्होंने मीडिया से अपील की कि तथ्यों की पुष्टि के बाद ही खबर प्रकाशित की जाए।

# जिले में राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मॉक एक्सरसाइज की तैयारियां तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 6 अगस्त।** जिले में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय बाढ़ आपदा प्रशिक्षण (मॉक एक्सरसाइज) की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ द्वारा जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मार्गदर्शन में 7 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओरिएंटेशन एवं कोऑर्डिनेशन कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 18 अगस्त को टेबल टॉप एक्सरसाइज तथा 20 अगस्त को मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का परीक्षण करना तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वित कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

कलेक्टर कार्यालय द्वारा जिले के पुलिस, वन, स्वास्थ्य, नगर निगम, जिला पंचायत, राजस्व, लोक निर्माण, जल संसाधन, कृषि, पशुपालन, खाद्य, परिवहन, नगर सेना, अग्निशमन, नागरिक आपूर्ति सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने विभाग से जुड़े बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की कार्ययोजना के साथ निर्धारित समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनिवार्य रूप से शामिल हों। अधिकारियों को अपने विभाग की तैयारियों, उपलब्ध संसाधनों तथा आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की रूपरेखा के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य स्तरीय यह मॉक एक्सरसाइज आपदा प्रबंधन तंत्र की कार्यक्षमता को परखने, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए जिले की आपदा प्रबंधन तैयारियों को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आग्रह किया है।

### इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण 7 अगस्त को

**रायगढ़, 6 अगस्त।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के महाविद्यालयों एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) की गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी ईएलसी नोडल अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रायगढ़ के सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा ईएलसी नोडल अधिकारियों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रोफाइल तैयार करने तथा क्लब की गतिविधियों से संबंधित सामान्य जानकारी निर्धारित गूगल लिंक पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुरूप जिले के महाविद्यालयों एवं संस्थानों द्वारा ईएलसी का गठन कर नोडल अधिकारी का नाम, दूरभाष क्रमांक तथा संस्थान से संबंधित आवश्यक जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जा रही है।

## जिले में 565.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 6 अगस्त ।** रायगढ़ जिले में 5 अगस्त तक 565.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है।

भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 738.5 मिली मीटर, पुसौर में 620.7, खरसिया में 516.8, घरघोड़ा में 386.7, तमनार में 752.4, लैलूंगा में 482.2, मुकडेगा में 443.5, धरमजयगढ़ में 368.9, छाल में 610.4 एवं कापू में 734.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्रवाई कर सात दिन में दें रिपोर्ट : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 6 अगस्त ।** जिले में अवैध रेत एवं अन्य सार्वजनिक लघु खनिजों के अनाधिकृत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण तथा शासकीय राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में टास्क फोर्स समिति की बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस, खनिज, राजस्व, परिवहन एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक अनुविभाग स्तर पर एसडीएम के नेतृत्व में खनिज, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग का संयुक्त दल गठित कर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध नियमित निगरानी और सघन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संयुक्त कार्रवाई की रिपोर्ट प्रत्येक सात दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर उइके ने खनिज अधिकारी को नवीन नियमों के अनुसार अवैध उत्खनन के मामलों में प्रतिदिन अतिरिक्त जुर्माना अधिरोपित करने तथा नियमों के अनुरूप प्रकरणों में अर्थदंड की दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनजीटी के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।बैठक में तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में रॉयल्टी पर्चियों की नियमित जांच करने तथा नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं, बार-बार अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने वाले वाहन मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध परिवहन विभाग के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए।

### दिव्यांग एवं वृद्ध हितग्राहियों तक पहुंच रही समाज कल्याण विभाग की योजनाएं

**राजिम, 6 अगस्त।** समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के पात्र दिव्यांग एवं वृद्ध हितग्राहियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का नियमित लाभ प्रदान किया जा रहा है। विभाग द्वारा पेंशन, सहायक उपकरण एवं अन्य सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। ग्राम पंचायत जंगल धवलपुर के ग्राम जरण्डी निवासी श्री लटीराम कमार को समाज कल्याण विभाग की पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह 500 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्रदान की जा रही है। वहीं उनकी पत्नी श्रीमती तिसाइन बाई को विभाग द्वारा ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई गई है। दोनों हितग्राही विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हैं।इसी प्रकार ग्राम पंचायत गनियारी के आश्रित ग्राम पतोरी तहसील फिंगेश्वर निवासी श्रीमती जमुना बाई को दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 500 रुपये की पेंशन डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में नियमित रूप से जमा की जा रही है।

# वार्ड क्रमांक-5 में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 6 अगस्त।** विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन एवं नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद के कुशल नेतृत्व में नगर छुरा में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 05 में सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ।

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। सीसी रोड निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।इस अवसर पर वार्ड पार्षद शांतनु देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति बलराज पटेल, पार्षद दीप्ती राजू यादव, रामजी दिवान, देवसिंग नेताम, यामीन खान सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नागरिक शंकर सेन, रामेश्वर साहू, परमानंद देवांगन, देवकी गोस्वामी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। सभी ने नगर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनहित में ऐसे कार्यों के लिए नगर पंचायत का आभार व्यक्त किया।

# भालू के हमले से हुई जनहानि पर परिजनों को 6-6 लाख रुपए की दी जाएगी मुआवजा राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर 6 अगस्त ।** जिले के वन परिक्षेत्र नरहरपुर दक्षिण वन परिसर चनार के तहत ग्राम मरकाटोला में एक वन्य प्राणी भालू द्वारा ग्रामीणों पर हमला करने तथा इससे दो लोगों की मृत्यु व एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पर वन विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण महिला को बेहतर उपचार के लिए रायपुर हायर सेंटर ले जाया गया तथा उनकी चिकित्सा के लिए तत्कालिक सहायता राशि की व्यवस्था वन विभाग द्वारा की गई।

वन मंडलाधिकारी कांकेर श्री रौनक गोयल ने बताया कि 05 अगस्त को नरहरपुर के ग्राम मरकाटोला में मादा भालू द्वारा किए गए हमले में दो ग्रामीण श्री हलालखोर पिता सुंदरलाल 36 वर्ष तथा चमरिनबाई पिता श्री सुंदरलाल 48 वर्ष की मृत्यु हो गई। मृतकों के परिजनों को शासन के नियमानुसार वन्य प्राणी द्वारा जनहानि मुआवजा के तहत् 6.6 लाख रूपए की राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस घटना के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास पर्याप्त संख्या में वन अमलों की तैनाती की गई तथा ग्रामीणों के सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। साथ ही गांव तथा आसपास के अन्य ग्रामों में भी मुनादी कराकर ग्रामीणों को सावधानी व सतर्कता बरतने की समझाइश लगातार दी जा रही है। वन मंडलाधिकारी कांकेर ने यह भी बताया कि उक्त वन्य प्राणी भालू का वन्य प्राणी विशेषज्ञों की टीम द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किया जाकर जंगल सफारी नवा रायपुर भिजवाने की कार्यवाही की गई। उन्होंने मरकाटोला एवं आसपास के ग्रामवासियों से अपील की है कि कोई भी ग्रामीण घटना स्थल की ओर एवं उससे लगे वन क्षेत्र की ओर न जाएं तथा अपने आसपास के लोगों एवं परिचितों को भी सूचित कर पर्याप्त सावधानी बरतें। किसी प्रकार से आक्रोशित होकर वन्य प्राणी को चोट पहुंचाने अथवा छेड़ने का प्रयास न करें। साथ ही वन्य प्राणी का फोटो अथवा वीडियो भी न बनाएं।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 9 से 17 अगस्त तक

**कांकेर 6 अगस्त 2026।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय अटल नगर नवा रायपुर के निर्देशानुसार वंदे मातरम थीम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 09 से 17 अगस्त तक ष्हर घर तिरंगाष् कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जाएगा। इसके तहत् नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन के लिए प्रेरित किया जाएगाए जिससे आमजन में देश भक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो।इस संबंध में बताया गया कि आगामी 09 से 17 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्राए तिरंगा रैलियां तिरंगा दौड़ व मैराथन तिरंगा कॉन्सर्ट तिरंगा कैनवासए तिरंगा प्रतिज्ञाए तिरंगा सेल्फीए तिरंगा सम्मानए तिरंगा मेलाए हर घर तिरंगाए वंदे मातरम पर विशेष प्रदर्शनी तथा विशाल तिरंगा रंगोली का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा 07 से 15 अगस्त के बीच वंदे मातरम थीम पर आधारित कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जाएगाए जिसके तहत जनप्रतिनिधियोंए स्थानीय अधिकारियों व प्रमुख हस्तियों और नागरिकों की उपस्थिति में व्यापक जन भागीदारी के साथ जिला मुख्यालयए ब्लॉक मुख्यालयोंए ग्राम पंचायतों तथा सभी स्कूल.कॉलेजों में ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गान कराया जाएगा।

# स्कूल के बाहर छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर रायपुर एनएसयूआई ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

## छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, स्कूल की छुट्टी के समय नियमित पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की गई

**रायपुर, 6 अगस्त।** जिले में स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है जहां नर्सरी से लेकर के कक्षा बारहवीं तक के हजारों छात्राएं स्कूल में अध्यनरत है वही आप स्कूल के बाहर देखेंगे तो स्कूल की छुट्टी होने के पश्चात सामाजिक तत्व के लोग समूह बनाकर छात्रों के स्कूल से घर आने जाने वाले रास्ते पर बैठे हुए होते हैं और छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी भी करते हैं और इसकी जानकारी छात्राएं संकोच कर के स्कूल तथा अपने घर में नहीं देते है और असामाजिक तत्वो के ऊपर कुछ कार्यवाही न होने पर उनका मनोबल और बढ़ता है।

NSUI जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा हर स्कूल के बाहर छुट्टी होने पश्चात नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलियम की गाड़ी चलाई जाए एवं बदमाशों को चिन्हित कर उन पर उचित कार्यवाही की जाए जिससे छात्र-छात्रा है अपने आप को सुरक्षित महसूस करे और बिना किसी मानसिक प्रताड़ना के अपनी पढ़ाई को करें। पुलिस प्रशासन से हमारी मुख्य मांगे-

**स्कूल सुरक्षा निगरानी समिति का गठनः** जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा विभाग, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों की संयुक्त समिति बनाई जाए, जो हर महीने समीक्षा करे।



**संवेदनशील स्कूलों की सूची बनाकर विशेष सुरक्षा योजनाः** सभी स्कूलों के बजाय जिन स्कूलों के आसपास शिकायतें अधिक हैं, वहां छुट्टी के समय नियमित पुलिस पेट्रोलिंग और सिविल ड्रेस पुलिस तैनात की जाए।

**स्कूल सुरक्षा हेल्पलाइन एवं त्वरित शिकायत व्यवस्थाः** छात्र-छात्राएं WhatsApp, QR Code या हेल्पलाइन के माध्यम से तुरंत शिकायत दर्ज करा सकें, जिस पर तय समय में कार्रवाई अनिवार्य हो।

**स्कूल के 100-200 मीटर दायरे में नशा और असामाजिक गतिविधियों पर विशेष अभियानः** गुटखा, तंबाकू, ई-सिगरेट, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री व असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर नियमित संयुक्त कार्रवाई की जाए।

**मासिक सार्वजनिक रिपोर्ट जारी की जाएः** हर महीने बताया जाए कि कितनी शिकायतें मिलीं, कितने आरोपियों पर कार्रवाई हुई, कितने स्कूलों में पेट्रोलिंग हुई और क्या सुधार हुआ।

रायपुर जिला हस्ढ्ढ रायपुर ने रायपुर पुलिस कमिश्नर को इन मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव विशाल कुकरेजा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत चंद्राकर, शिवांक सिंह, संयम सिंह जिला महासचिव आशीष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, अनुज सिंह, सुमित शुक्ला, स्कूल यूनिट जिला उपाध्यक्ष कृष सहारे, करण एवं हस्ढ्ढ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### यातायात जागरूकता अभियान के साथ किये जा रहे सुरक्षा के उपाय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना में कमी लाने जिले के दुर्घटनाजन्य स्पॉट सकरी बाई पास बलौदाबाजार में नियमों के प्रति जिम्मेदारी व सतर्कता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 5 अगस्त को पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा दुर्घटनाजन्य स्पॉट में ड्रायवर संघ के सहयोग से भारी वाहन चालको, बस, एवं छोटे वाहन चालको को रोककर ब्रीथ एनालाईजर से चेक कर वाहन चलाते समय शराब एवं अन्य नशे से दुर रहने, गति सीमा में वाहन चलाने, ओव्हर टेक एवं रोड में वाहन न रखने के संबंध में हिदायत दिया गया

साथ ही मुख्य मार्ग में घूमने वाले मवेशियों को रेडियम बेल्ट लगाया गया ताकि रोड में पशुधन की वजह से कोई असामयिक घटना न हो एवं आवागमन सुगम हो जिले के लवन, कसडोल, सिमगा, भाटापारा के दुर्घटनाजन्य स्थलो पर टिकली, रेडियम, स्टापर, संकेतक पटिका लगाया गया है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पुलिस का व्यापक अभियान लगातार जारी।

## एक नजर

### कम प्रीमियम में 10 साल का लाइफकवर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का नया विकल्प

**रायपुर, 6 अगस्त।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने आईप्रोटेक्ट स्मार्ट प्लस प्लान में 10 साल के लाइफकवर का विकल्प पेश किया है। यह प्लान होम लोन, बच्चों की पढ़ाई या बिजनेस लोन जैसी सीमित अवधि की वित्तीय जिम्मेदारियों को कम प्रीमियम में सुरक्षित करने के लिए तैयार किया गया है। इसमें 67, 100 रुपए तक की मुफ्त हेल्थ एवं वेलनेस सेवाएं, 3 लाख रुपए का इंस्टेंट क्लेम भुगतान और लाइलाज बीमारी का पता चलने पर 100त्न राशि के भुगतान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कंपनी के चीफऑफडिस्ट्रीब्यूशन राजीव अरोड़ा ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.3त्न रहा और औसत क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम एक दिन रहा। इस दौरान कंपनी ने 1, 306 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम और 3, 360 करोड़ रुपए के मैच्योरिटी एवं सर्वाइवल बेनिफिट्स का भुगतान किया। कंपनी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 में 5, 149 करोड़ रुपए के डेथ क्लेम का निपटारा किया गया।

### यूजर्स का डेटा होगा और भी सुरक्षित, एआई+ स्मार्टफोन ने शुरू किया प्रोजेक्ट ट्रस्ट+

**रायपुर, 6 अगस्त।** स्मार्टफोन यूजर्स के निजी और वित्तीय डेटा की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एआई+ स्मार्टफोन ने प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ की शुरुआत की है। कंपनी इस पहल के तहत अगले पांच वर्षों में 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। टेक एक्सपर्ट्स, एथिकल हैकर्स और सिक्योरिटी रिसर्चर्स के साथ मिलकर स्मार्टफोन सुरक्षा को लगातार बेहतर बनाने पर काम किया जाएगा। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा कि कोई भी स्मार्टफोन पूरी तरह सुरक्षित होने का दावा नहीं कर सकता और सुरक्षा एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। प्रोजेक्ट ट्रस्ट+ के जरिए डेवलपर्स और सिक्योरिटी रिसर्चर्स को कंपनी के सिस्टम की जांच कर कमियां पहचानने और उन्हें दूर करने के लिए आमंत्रित किया गया है। कंपनी के मुताबिक, पारदर्शिता, प्राइवेसी और यूजर्स के डेटा पर नियंत्रण उसकी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं।

### जनदर्शन में दिव्यांग नूतन यदु को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की सुशासन और जनसेवा की सोच को जिले में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। जिले में कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बड़े जरौद (भाटापारा) निवासी दिव्यांग नूतन कुमार यदु ने जनदर्शन में पहुंचकर आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। त्वरित पहल करते हुए नूतन कुमार यदु को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई।

# यातायात जागरूकता अभियानः स्कूली छात्र छात्राओं को पढ़ाया गया नियमों का पाठ

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के प्रत्येक स्कूल में दी जा रही ट्रैफिक रूल्स की जानकारी

- **सर्वा, मनोहरा, मल्दा , गुरुकुल स्कूल भाटापारा के स्कूलों में आयोजित हुआ कार्यक्रम अभियान से अब तक 4000 से अधिक छात्र-छात्राएं हुए लाभान्वित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा बच्चों व युवाओं में प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी व सतर्कता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 6 अगस्त को पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस टीम द्वारा सर्वा, मनोहरा, मल्दा , गुरूकुल स्कूल भाटापारा में जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम बच्चो को

**सुरक्षा मानकः** नाबालीग को वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय गुणवत्तापूर्ण हेलमेट पहनना और कार/चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है।

**सुरक्षित ड्राइविंगः** यातायात संकेतों का पालन करना, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) न बैठाना, खतरनाक स्टंटबाजी से बचना और बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाना अति आवश्यक है।

**तकनीकी निगरानीः** नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ई-चालान एवं शहर में लगे आधुनिक सिटी सर्विलांस कैमरों के माध्यम से की जा रही सतत निगरानी के बारे में अवगत कराया गया।

**नशा विरोधी संदेशः** विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी गई और नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों से विस्तार से अवगत कराया गया।

**सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारीः-** कार्यक्रम के दौरान दुर्घटना पीड़ितों की मदद हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी साझा की गईः

**पी.एम. राहत योजनाः** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में 1.5 लाख तक के कैशलेस (निःशुल्क) इलाज की सुविधा की जानकारी दी गई।

**राहवीर योजनाः** दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर (समय पर) अस्पताल पहुँचाकर जान बचाने वाले 'गुड सेमरीटन' (राहवीर) को सरकार द्वारा 25, 000 की प्रोत्साहन राशि व सम्मान पत्र दिए जाने की बात बताई गई।

**हिट एंड रन योजनाः** अज्ञात वाहन की टक्कर (हिट एंड रन) से मृत्यु की स्थिति में मृतक के परिजनों को 2 लाख एवं घायल को 50, 000 की आर्थिक सहायता राशि मिलने की जानकारी दी गई।

उक्त कार्य का लोगो ने, खुब सराहा इस विशेष अभियान से अब तक जिले के लगभग 4000 से अधिक छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो चुके हैं। यह जागरूकता कार्यक्रम जिले के प्रत्येक ब्लॉक, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में निरंतर जारी रहेगा। अंत में पुलिस द्वारा आम जनता व विद्यार्थियों से भावुक अपील की गई कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने में तनिक भी न हिचकिचाएं, क्योंकि आपकी एक त्वरित पहल किसी का अमूल्य जीवन बचा सकती है।

### यातायात सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए निकाला गया पैदल मार्च




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में आम नागरिकों, बच्चों एवं युवाओं में प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी व सतर्कता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में निरंतर विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 5 अगस्त को उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम एवं बलौदाबाजार फिजिकल एकेडमी/डांस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 'एकता दिवस 2026' के उपलक्ष्य में एक भव्य यातायात जागरूकता पैदल मार्च का आयोजन किया गया।

हरी झंडी दिखाकर किया गया रवानाः पैदल मार्च का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर बलौदाबाजार से हुआ, जिसे पुलिस अधीक्षक गौरव राय (ढ्ढक्कस्) द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पैदल मार्च कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए गार्डन चौक पर संपन्न हुआ। मार्च के दौरान पुलिस टीम एवं युवाओं द्वारा हाथों में यातायात संदेशों से बने फ्लेक्सी/पोस्टर लेकर और जागरूकता के नारे लगाते हुए आमजनों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

**पैदल मार्च के माध्यम से पुलिस ने नागरिकों से प्रमुख अपीलें कीं:**

1. दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें।
2. दोपहिया वाहन पर तीन सवारी (ट्रिपल राइडिंग) न बैठाएं।
3. नशे की हालत में वाहन कदापि न चलाएं एवं नशे से दूर रहें।
4. चारपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का प्रयोग करें।

सराहनीय सहयोग एवं समापनः- रैली के सफल आयोजन में बलौदाबाजार फिजिकल एकेडमी/डांस एकेडमी के पुरुषोत्तम बंजारे, कान्हा यादव एवं उनकी पूरी युवा टीम की अत्यंत सराहनीय व सक्रिय भूमिका रही। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें।

# बलौदाबाजार में महानगरों की तर्ज पर बिछेगी पाइपलाइन और जल्द मिलेगी घर-घर पीएनजी रसोई गैस सुविधा

## कलेक्टर ने बेहतर समन्वय से कार्य शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** महानगरों की तर्ज पर अब बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के निवासियों को भी रसोई गैस सिलेंडरों के झंझट से मुक्ति मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा 'सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट' के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। आने वाले दिनों में जिलेवासियों को सीधे पाइपलाइन के जरिए सुरक्षित और निर्बाध प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति मिलेगी।

इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति को लेकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय में एचसीजी रायपुर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करें और निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करें, ताकि आम नागरिकों को जल्द से जल्द इस आधुनिक सुविधा का लाभ मिल सके।उन्होंने कहा क़ि पाईप लाइन बिछाने में गड्ढा खोदने के लिये लोक निर्माण विभाग या अन्य विभाग अथवा पंचायत से एनओसी की जरुरत होने पर शीघ्र जारी किया जाए।

प्रोजेक्ट के प्रतिनिधियों ने बताया क़ि पाईप लाईन बिछाने कार्य रायपुर से शुरू कर दिया गया है जो जिले के सिमगा तक पहुंच गया है।वर्तमान में विकासखण्ड सिमगा के ग्राम केसदा में काम चल रहा है। उन्होंने बताया क़ि पीएनज़ी का कनेक्शन पाईप लाईन के आस पास के औद्योगिक प्रतिष्ठान, स्कूल, अस्पताल व शहरों में दिया जाएगा। पाईप लाइन घर के सामने से गुजरेगी जिसमें बीच- बीच में कनेक्शन बॉक्स रहेगा जहां से घर के रसोई तक कनेक्शन किया जाएगा।उन्होंने बताया क़ि पीएनजी बहुत ही सुरक्षित है जिसमें ब्लास्ट होने की कोई खतरा नहीं होता, मीटर के अनुसार बिल का भुगतान करना होग़ा।

सुरक्षित और किफ़ायती होगी आपूर्ति- पाइपलाइन गैस सेवा शुरू होने से आम जनता को समय पर सिलेंडर रिफिलिंग की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही यह सुविधा आर्थिक रूप से किफायती और पर्यावरण व सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बेहद अनुकूल साबित होगी।

### जिले में अब तक 653.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 5अगस्त 2026 तक 653.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 914मिमी, बलौदाबाजार में 781.7 मिमी, लवन620.8 मिमी, भाटापारा में 577.9मिमी, कसडोल 581.7मिमी, पलारी में 677.5 मिमी, सुहेला 567.1मिमी, सिमगा में 527.7 मिमी एवं सोनाखान 633.8 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 5882.2मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 653.6 मिमी है।

### रोजगार कार्यालय में आयोजित रोजगार मेला में

# 55 आवेदकों का चयन व 18 को मौके पर मिला आफर लेटर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में 184 पदों हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में 107 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया गया जिसमें से 55 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 18 आवेदकों को मेला स्थल पर आफर लेटर प्रदान किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार

रोजगार मेला में नियोजक कुंजीलाल फ्यूल बलौदाबाजार द्वारा सेल्स, मार्केटिंग एवं टेली के रिक्त पदों हेतु 25 आवेदकों द्वारा साक्षात्कार में भाग लिया गया, जिसमें 7 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। जिन्दल स्टील लिमिटेड मदिर हसौद द्वारा मशीनिष्ट के रिक्त पदों हेतु 18 आवेदक साक्षात्कार लिया गया जिसमें 12 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। दुर्गेश सिक्योरिटी सर्विसेस रायपुर द्वारा सेक्योरिटी गार्ड के रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 30 आवेदक उपस्थित हुए इसमें से 20 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 12 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इंडिया हेल्प पोइंट रायपुर द्वारा मार्केटिंग के पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 18 आवेदक उपस्थित हुए उसमें से 12 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 4 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया। जायका आटो मोबाईल रायपुर द्वारा सेल्स, तकनीशियन, सर्विस एडवाजर एवं कस्टमर केयर के रिक्त पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 16 उपस्थित हुए इसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 02 आवेदकों को मेला स्थल पर ऑफर लेटर प्रदान किया गया है। समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक एवं अंतिम चयनित आवेदकों को एक सप्ताह के अंदर अपने अपने संस्था में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि चयन संबंधित अंतिम कार्यवाही पूर्ण किया जा सकें।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 39/195202 | Estimate for Room for Various Purpose at Family Court, Raipur (C.G) (तृतीय आमंत्रण) | रू. 59.02 लाख |
| 07/195323 | Road safety work for Vidhansabha road to Haritage Hospital Kachna Raipur (C.G.) (पंचम आमंत्रण) | रू. 131.05 लाख |
| 10/195324 | Construction of (Balance Work) 4 Way Direction Cc Road, Bt Road & Drain Work (Length 2.373km) at Pt. Jawahar Lal Nehru, Ward No. 2, Kabeer Nagar, Municipal Corporation, Raipur I/C Culverts At Dist. Raipur (चतुर्थ आमंत्रण) | रू. 124.59 लाख |
| 304/195974 | Special Repair work in (1) Km-3/2 & Km-3/4(100m) tó KM-3/8 in Borid to Mokhla Road (VR-113), (2) KM 59/8, 72/2 & KM 78/4 in Simga Tilda Kharora Arang Nawapara Kurud (SH-20) Road, (3) at Km 8/4 (Length=180Meter) in Charoda Gidhwa Chhatera (MDR-305) Road, (4) in KM 16/2 to 16/4(100m), in Paragaon Goinda Tila (MDR-220) Road, (तृतीय आमंत्रण) | रू. 85.06 लाख |
| 152/194983 | Construction of Boundary Wall, Drain Line & Renovation Work for Govt. College Mana at Mana Camp, Raipur (C.G.) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 43.37 लाख |
| 153/194984 | Construction of Govt. High School Building at Puraina, Raipur, C.G.(As Per Revised Approved Drawing) (प्रथम आमंत्रण) | रू. 68.39 लाख |
| 154/194985 | उपसंभाग क्र.-1 के अंतर्गत उपखंड क्र-4 में गैर आवासीय भवन में विशेष, मरम्मत लघुमुल गौण कार्य एवं डिपॉजिट कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र.39 सिस्टम टेन्डर नं. 195202, एन.आई.टी. क्रं. 07 सिस्टम टेन्डर नं. 194227, एन.आई.टी. क्र.10 सिस्टम टेन्डर नं. 195324 एवं एन.आई.टी. क्र.304 सिस्टम टेन्डर नं. 195974 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.08.2026 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई. टी. क्र.152 सिस्टम टेन्डर नं. 194983, एन.आई.टी. क्र.153 सिस्टम टेन्डर नं. 194984 एवं एन.आई.टी. क्र.154 सिस्टम टेन्डर नं. 194985, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 23.08.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती हैं। एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि., रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी-262702587/10

## एक नजर

### रोलबॉल कान्क्लेव के लिए चिराग पासवान को आमंत्रण



**रायपुर, 6 अगस्त।** रोलबाल कम्युनिटी द्वारा आयोजित रोलबाल कान्क्लेव 2026 के लिए भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान जी को मुख्य वक्ता के रूप में औपचारिक आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर श्री चिराग पासवान जी ने रोलबाल कम्युनिटी की अवधारणा, उसके मूल मंत्र रेस्ट आफ लाइफ बेस्ट ऑफ लाइफ तथा युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व, नेटवर्किंग एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते हुए रोलबाल कान्क्लेव 2026 में शामिल होने का आश्वासन भी दिया।

### अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 6 अगस्त।** राजधानी के थाना तेलीबांधा पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो प्रसारित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एनसीआरबी पोर्टल से प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलने पर थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 325/2026 दर्ज कर आईटी एक्ट की धारा 67(ए) एवं 67(बी) के तहत मामला कायम किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्यों का संकलन करते हुए पुलिस ने मनीष राजभर (26 वर्ष), पिता नगीना राजभर, निवासी चंडी नगर, समृद्धि कॉलोनी के पास, थाना खमहारडीह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर जब्त कर लिया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### अमेज़न पे के साथ ग्रेट फ्रीडम सेल

**रायपुर, 6 अगस्त।** अमेज़न पे ने आज ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 (7 से 12 अगस्त) के दौरान खरीदारी, यात्रा और रोजमर्रा के भुगतान के लिए कई विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स का उद्देश्य ग्राहकों को अमेज़न डॉट इन पर खरीदारी के दौरान ज्यादा बचत के साथ आसान और किफायती भुगतान विकल्प उपलब्ध कराना है। इस सेल के दौरान अमेज़न पे के जरिए ग्राहकों को फ्लाइट बुकिंग पर 21न तक की छूट, होटल बुकिंग पर 60न तक की बचत, अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5न कैशबैक, पे–इन–3 के माध्यम से 1,500 रुपये से अधिक की खरीदारी पर बिना ब्याज तीन किस्तों में भुगतान और यूपीआई व मोबाइल रिचार्ज पर कैशबैक का लाभ मिलेगा।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का जनसंपर्क अभियान जारी

**रायपुर, 6 अगस्त।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्मार्ट मीटर के विरोध में चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के तहत गुरु गोविंद सिंह वार्ड एवं लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वार्ड के प्रत्येक घर में पहुंचकर स्मार्ट मीटर बदलने हेतु आवेदन पत्र वितरित किए। साथ ही क्षेत्र के दुकानदारों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी आवेदन पत्र देकर उन्हें अभियान से जोड़ा गया। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में मोमबत्तियां (कैंडल) लेकर घर–घर पहुंचे और सांकेतिक रूप से स्मार्ट मीटर एवं बढ़े हुए बिजली बिलों के खिलाफविरोध दर्ज कराया। इस अनूठे जनसंपर्क अभियान को वार्डवासियों का व्यापक समर्थन मिला और लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अपनी समस्याएं साझा कीं। अभियान के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के साथ साथ व्यावसायिक उपभोक्ताओं ने भी बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की। नागरिकों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिससे आम परिवारों और व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस के इस अभियान की सराहना करते हुए आवेदन पत्र भरकर स्मार्ट मीटर हटाने और पुराने मीटर लगाने की मांग का समर्थन किया।

### निधन

#### राजकुमारी कांकरिया

**रायपुर, 6 अगस्त।** राजकुमारी कांकरिया धर्म सहायिका स्व गुलाबचंद कांकरिया का 5 अगस्त को निधन हो गया। वे रितेश, राहुल की माता व स्व.बीरचंदजी बोहरा भिलाई वालों की बेटी थी। अंतिम यात्रा आज पद्मश्री अपार्टमेंट डा.पाठक गली बालाघाट से मोक्षधाम के लिए निकाली गई। शांतिलाल,नेमीचंद, सुभाषचंद, गौतमचंद, रमेश, चंद्रकुमार, अनिल,पवन, आशीष ने शोक व्यक्त किया है।



# दुग्ध उत्पादों में मिलावट करने वालों की अब खैर नहीं

## मिलावटखोरों पर होगी सख्त कार्रवाई : श्याम बिहारी



**रायपुर, 6 अगस्त।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दूध, दही अथवा मक्खन में मिलावट करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि ऐसे लोगों को हम छोड़ेंगे नहीं. हम एनालॉग पनीर ही नहीं, सभी खाने-पीने की चीजों में मिलावट के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं.

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में रेलवे स्टेशन में 500 किलो पनीर जब्ती के मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने के सवाल पर कहा कि विभाग को दिक्कत होती है. रेलवे परिसर में कोई वारदात हो या कोई घटना हो, तो रेलवे कार्रवाई में आता है. इसके बाद भी मैं सभी को कहना चाहता है कि वो काम करने में डाल-डाल हैं, तो हम पात-पात है. हम लगातार कार्रवाई करते रहेंगे. खाद्य विभाग अलर्ट मोड पर है.

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट के प्रदर्शन पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्टूडेंट से मुलाकात हुई थी. लोकतंत्र में अपनी बात रखने का सभी को अधिकार है. प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है. इस विषय पर मुख्यमंत्री से बातचीत हुई है. मामले में विचार किया जा रहा है.

2028 चुनाव में कांग्रेस के जीत के दावे पर श्याम बिहारी जायसवाल ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के एक पॉकेट में पेट्रोल, तो दूसरे में माचिस है. पंजाब में कांग्रेस के नेताओं में घमासान हो रहा है. कांग्रेस कभी एक होकर काम नहीं कर सकती. कांग्रेस केवल प्लान बनती है, एक्शन नहीं कर सकती. अपने मन को तसल्ली के लिए कांग्रेस बहला लेती है.

वहीं रायपुर कमिश्नरेट के विस्तार को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पत्र पर मंत्री ने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल वरिष्ठ नेता और सांसद हैं. इस नाते सुरक्षा संबंधी कमिश्नरेट में विस्तार के विषय पर अपनी चिंता व्यक्त की है. बृजमोहन अग्रवाल के पत्रों पर कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह कांग्रेस का भ्रम है. कांग्रेस को बृजमोहन से सीखना चाहिए. चुने हुए जनप्रतिनिधि का कर्तव्य होता है. ईमानदारी से काम करने का.

# मेकाहारा में खुला प्रदेश का पहला 'मदर मिल्क बैंक'

**रायपुर, 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। प्रदेश में जन्मजात या विपरीत परिस्थितियों के कारण मातृ दुग्ध (माँ के दूध) से वंचित रहने वाले शिशुओं के लिए 'मदर मिल्क बैंक' (मातृ दुग्ध बैंक) की शुरुआत कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की शुरुआत राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) से हुई है।

विश्व स्तनपान दिवस पर मेकाहारा ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस योजना का औपचारिक शुभारंभ किया और बड़ी घोषणाएँ कीं। प्रदेश का पहला मदर मिल्क बैंक रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में स्थापित किया गया है।

रायपुर के बाद चरणबद्ध तरीके से पूरे छत्तीसगढ़ के प्रमुख संभागीय व ज़िला अस्पतालों में मातृ दुग्ध बैंक का नेटवर्क तैयार किया जाएगा।कई बार माँ की बीमारी, मृत्यु या अन्य गंभीर स्वास्थ्य कारणों से नवजात शिशु को माँ का दूध नहीं मिल पाता। ऐसे बच्चों को इस बैंक के ज़रिए सुरक्षित एवं पाश्चुरीकृत माँ का दूध निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जो माताएं स्वेच्छा से अपने अतिरिक्त दूध का दान करना चाहती हैं, उनके सहयोग से इस बैंक का संचालन किया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, माँ का दूध समय से पहले जन्मे और कम वजन वाले बच्चों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं होता। कई गंभीर बीमारियों और नवजात शिशु मृत्यु दर को घटाने में मदर मिल्क बैंक बेहद कारगर सिद्ध होगा। बैंक में एकत्र किए गए दूध को आधुनिक तकनीकों से जांचा, पाश्चुरीकृत और सुरक्षित तापमान पर स्टोर किया जाएगा, जिससे यह पूरी तरह से हाइजीनिक और संक्रमण-मुक्त रहे।

### हड़ताल



**रायपुर, 6 अगस्त।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर निगम के टिकरापारा वर्कशॉप में गाड़ियाँ खड़ी कर ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं।

### वैगनआर ने बच्ची को मारी टक्कर

**रायपुर, 6 अगस्त।** राजधानी रायपुर में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक और मामला सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के कंकाली पारा मेन रोड पर तेज रफ्तार वैगनआर कार ने स्कूल से घर लौट रही 7 वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, वैगनआर कार तेज रफ्तार में कंकाली पारा मेन रोड से गुजर रही थी। इसी दौरान चालक ने पहले एक ई-रिक्शा और दूसरी कार को टक्कर मारी। इसके बाद सड़क पर जा रही 7 वर्षीय बच्ची को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बच्ची सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल बच्ची को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बच्ची के पैर की हड्डी टूट गई है, जबकि सिर में भी गंभीर चोट आई है। फिलहाल उसका निजी अस्पताल में उपचार जारी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार कार को सड़क से गुजरते और बच्ची को अपनी चपेट में लेते हुए देखा जा सकता है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। फुटेज के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस आरोपी चालक और वाहन की पहचान करने में जुटी है।

# पासपोर्ट सेवा केंद्र में सुविधाओं की कमी



**रायपुर, 6 अगस्त।** केंद्र सरकार का उपक्रम पासपोर्ट सेवा केंद्र में सुविधाओं का अभाव होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। दरअसल जो लोग पासपोर्ट बनवाने आते हैं उनके साथ परिचित या मित्र भी होते हैं। पासपोर्ट बनवाने दूरदराज इलाकों से भी लोग आते है। छत्तीसगढ़ में विदेश जाने वालों की संख्या बढ़ी है। इनमें पर्यटक तथा विदेशों में नौकरी करने वाले भी लोग शामिल हैं। आवेदक के साथ जो लोग आते हैं उनके लिए बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। आवेदक तो दफ्तर के अंदर चली जाती है लेकिन उनके साथ आए लोगों के लिए मुसीबत हो जाती है। बाहर न तो पर्याप्त कुर्सियां है और न ही पेयजल की उचित व्यवस्था गर्मी में लोग हलाकान रहते हैं। यहां प्रतिदिन पासपोर्ट बनवाने बाड़ी संख्या में लोग आते हैं। राजधानी के पासपोर्ट सेवा केंद्र में तो अच्छी व्यवस्था होनी ही चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक राज आहूजा ने कहा है कि सुविधाएं मुक्कमल करने की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए।

# राजधानी की कानून-व्यवस्था पर सांसद ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर, 6 अगस्त।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी रायपुर की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाया है। सांसद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को एक विस्तृत पत्र प्रेषित कर रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के क्षेत्राधिकार के पुनर्निर्धारण, पर्याप्त पुलिस बल की भर्ती, संसाधनों एवं अधोसंरचना के विस्तार की वकालत की है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पत्र में स्पष्ट किया कि राजधानी में कमिश्नरेट प्रणाली लागू करने का मुख्य उद्देश्य कानून-व्यवस्था को त्वरित और परिणाममुखी बनाना था। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों की संख्या में तो वृद्धि हुई है, लेकिन मैदानी स्तर पर आरक्षक, प्रधान आरक्षक, उपनिरीक्षक और अधीनस्थ बल की भारी कमी के कारण अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं। रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी बल की इसी किल्लत से जूझ रहा है। इसके अलावा, स्वामी विवेकानंद विमानतल (माना एयरपोर्ट), जो राजधानी में वीवीआईपी आवागमन का मुख्य केंद्र है, वर्तमान में थाना माना (ग्रामीण) के अंतर्गत आता है। इससे कमिश्नरेट और ग्रामीण दोनों इकाइयों को अलग-अलग बल लगाना पड़ता है, जिससे कार्य का अनावश्यक दोहराव होता है। सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र का भी विभाजन दोनों इकाइयों के बीच होने से औद्योगिक विवादों में समन्वय की समस्या आती है।



#### शहरी स्वरूप वाले क्षेत्रों को कमिश्नरेट में शामिल करने का सुझाव

सांसद अग्रवाल ने ध्यानाकर्षण करते हुए बताया कि वर्तमान में रायपुर नगर निगम के कई पूर्णतः शहरी क्षेत्र—जैसे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड (क्र.-8), मोतीलाल नेहरू वार्ड के विभिन्न भाग, अमर सिंह बस्ती, स्वर्णभूमि कॉलोनी, शिवाजी पार्क, राजधानी विहार, पीएम आवास योजना के मकान, सत्यम नगर, कचना तथा बाबू जगजीवन राम वार्ड (क्र.-53) का डूमरतराई क्षेत्र अभी भी ग्रामीण पुलिस के अधीन हैं।

# अरुणिमा की गायकी पर झूम उठे श्रोता

**रायपुर, 6 अगस्त।** राजधानी रायपुर के वृन्दावन हाल में बुधवार को एक अनुठे समारोह का आयोजन किया गाया. अपनी तरह के इस पहले दिव्यांग तीज मिलन उत्सव और सम्मान समारोह में वर्ष 2026 की पद्मश्री सम्मानित बुधरी ताती विशेष रूप से पहुंची. पद्मश्री ताती ने दस वर्षीय अरुणिमा शर्मा का मंच से गायन और वादन को लाइव देख कर उसकी मुरीद हो गईं. कार्यक्रम में छ्ग बाल आयोग के अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, महिला आयोग की अध्यक्षा ममता साहू, कलेक्टर डॉ गौरव सिंह भी उपस्थित थे.




इस अनुठे कार्यक्रम की शुरुआत अरुणिमा के राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और राजगीत के संगीतमय प्रस्तुति से हुई. राजधानी सहित प्रदेश भर से आये दिव्यांग महिलाओं और आमंत्रित सुधिजनों से भरे हाल में अरुणिमा ने ज़ब हारमोनियम वादन के साथ गायन प्रस्तुत किया तो उपस्थित लोग आश्चर्य चकित हो कर गए. पद्मश्री बुधरी ताती ने तो मंच के नीचे अरुणिमा को अपने बाँहों में भर लिया. उनके गायकी की दिल खोलकर प्रशंसा की और कहा कि, बिटिया खूब आगे जाएगी और छत्तीसगढ़ का नाम पुरे देश में रोशन करेगी. आद्या को उनकी गायकी और खूबसूरत प्रस्तुति के लिए कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के हाथों सम्मानित किया गया.

# राज्य की विद्युत वितरण कंपनी बेचने जा रही है सरकार : बैज



**रायपुर, 6 अगस्त।** साय मंत्रिमंडल के द्वारा राज्य के पावर ट्रांसमिशन कंपनी को स्टाक मार्केट में लिस्टेड करने के निर्णय का कांग्रेस ने विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार प्रदेश के स्वामित्व वाली सरकारी कंपनी को शेयर मार्केट में लिस्टेड करके शेयर के माध्यम से उसको निजीकरण की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड को आमजन एवं संस्थागत निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 200 करोड़ रूपए तक के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर बॉन्ड जारी कर स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध (लिस्टिंग) किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विद्युत कंपनिया आत्मनिर्भर है, तथा बिजली बनाने का पूरा संसाधन राज्य के पास उपलब्ध है। राज्य में बनने वाली बिजली को वितरण का काम पावर ट्रांसमिशन कंपनी के पास है। सरकार इसका शेयर निकालकर उद्योगपतियो को पिछले दरवाजे से बेचने का प्रयास कर रही है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि राज्य विद्युत वितरण कंपनी को अडानी को सौंपने के उद्देश्य से इसका शेयर निकाला जा रहा है। सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण एक सार्वजनिक कंपनी का आईपीओ निकाला जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि महंगी बिजली करने के बाद तथा स्मार्ट मीटर में बेतहाशा वसूली और 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफयोजना बंद कर आम आदमी को लूटने के बाद भी सरकार विद्युत कंपनी को आत्मनिर्भर नहीं बना पाई।

### दीपक बैज पहले अपनी पार्टी और कार्यकारिणी को संभालें : संजय



**रायपुर, 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष *संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दीपक बैज का बयान मुंगेरीलाल के हसीन सपने जैसा है। श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस में कलेक्टिव लीडरशिप की बात करना वास्तविकता से परे है। कांग्रेस और उसके नेताओं में एकता की बात करना ऐसा है, जिसे जनता लंबे समय से देखती और समझती आ रही है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से पहले और आजादी के बाद तक का इतिहास इस बात का गवाह है कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और आपसी खींचतान हमेशा बनी रही है। उन्होंने कहा कि दीपक बैज पहले अपने संगठन और अपने विधानसभा क्षेत्र को संभालें, उसके बाद प्रदेश में कलेक्टिव लीडरशिप की बात करें।

# माना कैम्प को राजस्व ग्राम स्वीकृति पर भाजपा ने लगाई रोक

**रायपुर, 6 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे की अध्यक्षता में माना मंडल की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्मार्ट मीटर हटाओ-जनआवेदन अभियान को तेज करने के लिए माना कैंप के सभी 16 वार्डों में वार्डवार प्रभारी नियुक्त किए गए।



बैठक में माना कैंप के नगर पंचायत के कांग्रेस पार्षदों द्वारा जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्षदों ने बताया कि उन्होंने नगर पंचायत की बैठकों में माना कैंप को राजस्व ग्राम/राजस्व मंडल घोषित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने तथा अन्य जनहित के विषय लगातार उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पार्षद सदैव माना कैंप के विकास और जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने माना कैंप को राजस्व मंडल का दर्जा देने की स्वीकृति प्रदान की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही उस निर्णय पर रोक लगा दी। यह जनता के हितों के साथ अन्याय है और भाजपा सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस सरकार के जनहितकारी निर्णय को क्यों रोका गया। बैठक में यह भी कहा गया कि नगर पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने के नाम पर लोगों से फॉर्म भरवाए और बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज भी माना कैंप के अनेक पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हैं। डबल इंजन सरकार के दावों के बावजूद गरीबों को उनका अधिकार नहीं मिलना भाजपा सरकार की विफलता को उजागर करता है। रायपुर ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पंकज शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार केवल वादे और प्रचार कर रही है।

# स्काउट्स एवं गाइड्स ने चलाया ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान

**रायपुर, 6 अगस्त।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ रायपुर द्वारा राष्ट्र के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान-2026 के अंतर्गत रक्षा सूत्र (राखी) एवं संदेश पत्र संग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भारत माता चौक, गढ़ियारी, रायपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रभक्ति के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित स्काउट्स, गाइड्स, रोवर, रेंजर, स्काउटर्स, गाइडर्स एवं पदाधिकारियों ने देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के लिए रक्षा सूत्र एवं शुभकामना संदेश एकत्रित कर उनके प्रति सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प भी लिया।



कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष जी स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त राजीव चक्रवर्ती, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी एम. जी. सतीश कुमार, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) सरिता पांडे, राज्य संगठन आयुक्त जलवती साहू, जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) असगर ख़ान, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) डॉ. सांत्वना ठाकुर, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), महासमुंद शत्रुहान साहू, कार्यालय सहायक प्रियंका सिंह, सुषमा राठौड़, उदय मधुसूधन मुकादम स्टेट कॉर्डिनेटर, भावेश चंद्राकर (स्काउटर), मीना भारद्वाज (लेडी स्काउट मास्टर), नमन साहू (युवा अध्यक्ष, ईवीएम स्काउट गाइड) सहित बड़ी संख्या में स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान केवल राखी भेजने का अभियान नहीं, बल्कि देश की रक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति प्रत्येक नागरिक की भावनाओं, सम्मान और विश्वास को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है।

# पीएससी के परीक्षा परिणाम पर कांग्रेस ने खड़े किए सवाल

**रायपुर, 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी द्वारा आयोजित सब इंस्पेक्टर एसआई भर्ती प्रारंभिक परीक्षा 2024 के परिणाम जारी होते ही प्रशासनिक व राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। आयोग द्वारा जारी अभ्यर्थियों की आधिकारिक मेरिट लिस्ट में कुछ ऐसे नाम देखने को मिले हैं, जिन्हें देखकर राज्य के लाखों बेरोजगार युवा हैरान हैं।

आयोग की आधिकारिक परिणाम सूची सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें अभ्यर्थियों के नाम के कॉलम में विचित्र प्रविष्टियां दर्ज हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने जारी रिजल्ट का स्क्रीनशॉट अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा करते हुए प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार और आयोग को कटघरे में खड़ा किया है।

तंज कसते हुए सवाल उठाया कि क्या छत्तीसगढ़ में वास्तव में इस तरह के अजीबो-गरीब नामों वाले अभ्यर्थी निवास करते हैं, या फिर यह मौजूदा सरकार के सुशासन का कोई नया चमत्कार है? कांग्रेस का आरोप है कि पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा के दावों के बीच इस प्रकार के परिणाम जारी होना चयन प्रक्रिया पर कई गंभीर संदेह पैदा करता है।

इस मामले के सामने आते ही परीक्षार्थियों और शिक्षा विशेषज्ञों के बीच नाराजगी देखी जा रही है। ऑनलाइन फॉर्म भरने या सिस्टम सॉफ्टवेयर में प्रोसेसिंग के दौरान बड़े पैमाने पर तकनीकी त्रुटि हुई है। परीक्षा का अंतिम परिणाम सार्वजनिक करने से पहले आयोग के अधिकारियों द्वारा स्क्रूटनी और री-वेरिफिक्रेशन न किया जाना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26